'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 136 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए वीरवार, 01 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com





# डबल इंजन की सरकार कर रही शहीदों के सपनों को साकार : नायब सिंह सैनी

**डेरा बाबा भूमणशाह में 84वें शहीदी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

**9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह की जीवनी शामिल कर दी सच्ची श्रद्धांजलि**

**मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन कंबोज धर्मशालाओं के लिए की 51 लाख रुपये देने की घोषणा**





समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चल रही है। देश व प्रदेश में विकास कार्यों में आमूलचूल परिवर्तन आया है। डबल इंजन की सरकार ने नई योजनाओं को शुरु करके शहीदों के सपनों को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 9वीं कक्षा की इतिहास की पुस्तक में प्रदेश सरकार ने शहीद उधम सिंह जी की जीवनी को शामिल किया है। यह उनके प्रति हमारी एक सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री बुधवार को जिला सिरसा में डेरा बाबा भूमणशाह संगर सरिस्ता में शिरोमणि शहीद उधम सिंह के 84वें शहीदी महासम्मेलन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत एक विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि क्रांतिकारी वीरों की शहादत की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीद उधम सिंह एक महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने बाल्यकाल में ही यह संकल्प धारण कर लिया था कि जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल डायर से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि 21 सालों की कड़ी तपस्या के बाद शहीद उधम सिंह ने एक सभा में जनरल डायर को गोलियां मार कर जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हमारे क्रांतिकारियों पर अनेक जुल्म ढाए। क्रांतिकारी वीरों ने तपस्या की, कष्ट सहन किए। उनकी गाथा सुनकर आज हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने शहीद उधम सिंह के माता पिता को भी याद किया कि उन्होंने ऐसे महान वीर को जन्म दिया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह, स्थानीय शहरी निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, विधायक गोपाल कांडा, दूड़ाराम, लक्ष्मण नापा, पूर्व मंत्री करणदेव कंबोज, पूर्व सांसद डा. अशोक तंवर, श्रीमती सुनीता दुग्गल तथा श्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# बाप-बेटे छल-कपट की राजनीति से सत्ता हथियाना चाहते हैं : पंडित मोहन लाल कौशिक

**जगाधरी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली का किया जोरदार अभिनंदन और स्वागत**



समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की कुटिलता को जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में हरियाणा की जनता कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर देगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रदेश के विकास और जनता की सेवा करने का कोई विजन नहीं है, कांग्रेस सिर्फ झूठ और छल-कपट की राजनीति के सहारे सत्ता पर काबिज होने का सपना देख रही है, जिसे जनता कभी पूरा नहीं होने देगी। मोहन लाल बड़ौली बुधवार को यमुनानगर- जगाधरी में अपने अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। यहां पहुंचने पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली का कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व विधायक घनश्यामदास अरोड़ा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया तथा जिंदाबाद के नारे लगाए।

कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत एवं अभिनंदन से गदगद प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह स्वागत आप सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं का स्वागत है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा की जनता का भाजपा में विश्वास है। आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस से झूठ और भ्रम फैलाने का हिसाब-किताब लेगी। उन्होंने कहा कि हमारे निष्ठावान कार्यकर्ताओं की ताकत और जनता के समर्थन से हरियाणा में तीसरी बार सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

भाजपा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 10 सालों में भाजपा सरकार ने गरीबों, दलितों, शोषितों के लिए काम किए हैं। आज दूर दराज बैठे हुए गरीब लोगों तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। भाजपा सरकार ने गरीब व्यक्ति के सम्मान को ऊंचा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आयुष्मान और चिरायु कार्ड देकर गरीबों को बीमारी में होने वाले खर्च की चिंता से मुक्त किया है।

पंडित मोहनलाल कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछड़ों और गरीब लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मजबूती से काम कर रहे हैं। हरियाणा में युवा योग्यता के आधार पर नौकरियां लग रहे हैं। भाजपा के पास निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पूरी फौज है। इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर हम 2014 से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने विश्वास जताते हुए कहा कि आने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी हमारे कार्यकर्ता पूरी ताकत से जिला यमुनानगर की चारों विधानसभाओं में कमल खिलाने का काम करेंगे।

इस दौरान विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, चेयरमैन रमेशचंद ठसका, जिला महामंत्री सुरेंद्र बनकट, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व विधायक बलवंत सिंह सढौरा, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, पूर्व विधायक श्याम सिंह राणा, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, पूर्व चेयरमैन रामेश्वर चौहान, प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति जौहर, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, दाता राम, देवेंद्र चावला, कुसुम शेरवाल, विपुल गर्ग, कल्याण सिंह, विभोर पहुजा, शुभम राणा, सुनिता शर्मा, पूर्व चेयरमैन ऋषिपाल सैनी, सुरेंद्र शर्मा, प्रियंक शर्मा, दीपक शर्मा, अंकित गोयल, रामपाल सिंह, सविता काम्बोज, हैप्पी खेडी आदि हजारों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब की पावन भूमि से संतों ने जगत का किया मार्गदर्शन : मुख्यमंत्री नायब सैनी

**नायब सिंह सैनी ने गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब में माथा टेक की अरदास**

**मुख्यमंत्री ने श्री गुरुद्वारा चिल्ला साहिब प्रबंधन कमेटी को सौंपी 77 कनाल 7 मरला भूमि की रजिस्ट्री**



समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब, सिरसा की बड़ी ऐतिहासिक महत्ता है। इस भूमि पर श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र चरण पड़े थे। इस पावन भूमि से संतों ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से पूरे जगत का मार्गदर्शन करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सिरसा के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब में माथा टेक कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब की प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को 77 कनाल 7 मरला भूमि की रजिस्ट्री भी सौंपी। प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह व सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के समापन अवसर पर सिरसा में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने श्री गुरुद्वारा चिल्ला साहिब को यह जमीन देने की घोषणा की थी, जिसके बाद कैबिनेट में प्रस्ताव पास करके गुरुओं की इस भूमि को श्री गुरुद्वारा चिल्ला साहिब के नाम कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में सिख धर्म के लिए अनेक घोषणाएं की हैं, जिसके तहत लंगर पदार्थों पर जीएसटी माफ की गई है तथा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अलावा करतारपुर कॉरिडोर का भी निर्माण प्रधानमंत्री द्वारा करवाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने इस भूमि पर तपस्या की और लोगों का मार्गदर्शन किया था। श्री गुरु नानक देव जी ने अपनी पावन शिक्षाओं व वाणी से समस्त जगत को नेकी के रास्ते पर चलने की राह दिखाई है। हमें अपने जीवन में उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री रणजीत सिंह, सिरसा के विधायक श्री गोपाल कांडा, पूर्व सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर व पूर्व चेयरमैन गुरदेव सिंह राही, बाबा जगतार सिंह, कार सेवा वाले बाबा गुरमीत सिंह, बाबा नरेंद्र सिंह, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के निदेशक सरदार हरपाल सिंह गिल, सरदार मनजिंद्र सिंह सिरसा, लखविंद्र पाल सिंह ग्रेवाल, गुरु नानक मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह वैदवाला, उपायुक्त श्री आर.के. सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत भूषण मौजूद रहे।

# न कोई निवेश, न परिवेश, बेरोजगारी से त्रस्त प्रदेश : कुमारी सैलजा

**तिलिस्म बन चुकी सरकारी नियुक्ति से आजिज़ युवाओं को प्राइवेट जॉब भी खतरे में नजर आ रही है**

**खुद सरकार की 2023-24 की इकोनॉमिक रिपोर्ट बता रही है की राज्य में 09 प्रतिशत प्राइवेट जॉब घट चुकी है**



समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा के राज में न कोई निवेश, न कोई परिवेश, प्रदेश का युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। ईपीएफओ की रिपोर्ट बेरोजगारी से त्रस्त युवा और बढ़ती बेरोजगारी की कलई खोल रही है। पहले नौकरी पाने वालों की संख्या पांच लाख घटी है। देश में एक साल में निजी क्षेत्र में सात लाख जॉब कम हुई है। युवाओं को गुमराह करने वाली इस सरकार को युवा शक्ति सबक सिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि रोजगार के नाम भाजपा की सरकार युवाओं को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि 22 जुलाई को लोकसभा में पेश इकोनामिक सर्वे में सरकार ने खुद कहा है कि अच्छी ग्रोथ और गैर सरकारी क्षेत्र में हर साल 78 लाख नौकरियां चाहिए पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का ताजा पेरोल डाटा बताता है कि वित्त वर्ष 2023-24 में पिछले साल के मुकाबले 07 लाख नौकरियां कम हो रही है जो पिछले पांच साल में सबसे बड़ी गिरावट है। कोरोना काल में एक लाख की गिरावट आई थी। महाराष्ट्र में 5.84 लाख नौकरियां कम हुई है, हरियाणा में 9.47 प्रतिशत नौकरियां कम हुई है। नौकरियों में गिरावट मैन्युफैक्चरिंग, आईटी और सर्विस सेक्टर में सबसे ज्यादा आई है। उन्होंने कहा कि इस साल देश में डेढ़ करोड़ ग्रेजुएट तैयार हो रहे है, इसमें 20 लाख नौकरियों में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि आंकडे बताते है कि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और हरियाणा ऐसे पांच राज्य है जहां पर तेजी से प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं।

उन्होंने कहा है कि पहली बार नौकरी पाने वाले करीब 05 लाख घट रहे हैं। पुरानी नौकरी भी कम हो रही है। स्वैच्छा से नौकरी छोड़ने वालो की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि देश में हर साल 15 प्रतिशत ज्यादा नौकरी चाहिए, वर्ष 2023-24 में करीब 1.06 करोड लोग जॉब मार्केट में आए थे इस साल इनकी संख्या बढ़कर 1.20 करोड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात करती है दावा करती है पर आंकड़े उसकी पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देकर सरकार भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 3 अगस्त दिन शनिवार शाम 4.00 बजे कांग्रेस संदेश यात्रा शुभारंभ करेंगी**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी सैलजा 3 अगस्त दिन शनिवार शाम 4.00 बजे कांग्रेस संदेश यात्रा के माध्यम से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध आयोजित पदयात्रा का हिसार के डोगरान मोहल्ला बाजार, गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से शुभारंभ करेंगी। पदयात्रा का शुभारंभ हिसार के गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) से इंद्रा मार्केट, इलेक्ट्रॉनिक मार्केट, राजगुरु मार्केट, नागोरी गेट मार्केट, मोती बाजार, गांधी चौक, भगत सिंह चौक, पड़ाव चौक, जहाजपुल चौक, मुलतानी चौक से होकर वापिस गुरु रविदास चौक (भाभड़ा चौक) पर समापन होगा।

# भाजपा सरकार जनता के 15 में से एक भी सवाल का जवाब अब तक नहीं दे पाई : दीपेन्द्र हुड्डा

**भाजपा अपना मौन कब तोड़ेगी और आखिर कब तक सवालों के जवाब देने से बचती रहेगी? : दीपेन्द्र हुड्डा**

**सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना ही होगा, यह उसकी जवाबदेही है : दीपेन्द्र हुड्डा**

**कांग्रेस पार्टी ने हिसाब मांगा तो मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद में पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के काम को अपना बताकर गिनवा दिया : दीपेन्द्र हुड्डा**

**दीपेंद्र हुड्डा ने 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत शहीद उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर शाहाबाद विधानसभा से की**



समाचार गेट ब्यूरो

कुरुक्षेत्र। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत अमर शहीद सरदार उधम सिंह जी के बलिदान दिवस पर शाहाबाद विधानसभा से की। उन्होंने पदयात्रा की शुरुआत से पहले शहीद उधम सिंह मेमोरियल पर महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आज़म ऊधम सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के प्रथम चरण में 13 हलकों में मिले अपार जनसमर्थन से उत्साहित सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने इस अभियान को आगे बढाते हुए आज शहीद उधम सिंह मेमोरियल से देवी मंदिर चौक तक पदयात्रा की। इस दौरान पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, स्थानीय विधायक रामकरण काला व बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग साथ मौजूद रहे। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के 15 में से एक भी सवाल का जवाब अब तक नहीं दे पाई। उन्होंने कहा कि भाजपा अपना मौन कब तोड़ेगी और आखिर कब तक सवालों के जवाब देने से बचती रहेगी? उन्होंने कहा कि सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना ही होगा, यह उसकी जवाबदेही है।

दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि आज तहसील में काम बंद है, अस्पतालों में हड़ताल है, प्राइवेट अस्पताल भी हड़ताल कर चुके हैं। जब कांग्रेस पार्टी ने हिसाब मांगा तो प्रदेश के मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद की जनसभा में 10 में से 7 काम पूर्ववर्ती हुड्डा सरकार के गिनवा दिए और अपना काम बता दिया। उनको ये भी पता नहीं कि वे किसके काम गिनवा रहे हैं क्योंकि कुछ काम किया होता तो बताते। इसके बाद अपनी खीझ मिटाने के लिए अधिकारियों को ही सस्पेन्ड कर दिया। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में बदलाव चाहती है। जनता चाहती है कि हरियाणा खुशहाली, विकास और प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ने वाला प्रदेश बने।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने इस अभियान के तहत भाजपा के कुशासन, 10 साल की विफलताओं पर घेरते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी 15 सवालों की चार्जशीट पर बीजेपी सरकार से जवाब मांगते हुए पूछा कि देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में क्यों है? बीजेपी की केंद्र सरकार ने हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य क्यों कहा? घर-घर तक कैसे पहुंचा नशा व ड्रग्स का काला साम्राज्य? देश में सर्वाधिक महंगाई हरियाणा में क्यों? भ्रष्टाचार के जनक व जनता के जी का जंजाल क्यों बने सरकारी पोर्टल व आईडी? चार्जशीट में सवाल पूछा गया है कि भाजपा के 10 साल में हजारों करोड़ के 50 से ज्यादा बड़े घोटाले क्यों? भाजपा काल क्यों बना किसानों का काल? भाजपा ने दलितों और पिछड़े वर्ग की घोर उपेक्षा क्यों की? अग्निपथ और कौशल निगम के जरिए क्यों खत्म की पक्की नौकरियां? हर वर्ग पर लाठी और गोलियां क्यों बरसाई? इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को शून्य पर क्यों लेकर आई बीजेपी? बीजेपी ने 2014 और 2019 की चुनावी घोषणाएं क्यों पूरी नहीं की? बीजेपी ने स्वास्थ्य सेवाओं का दिवालिया क्यों पीटा? बीजेपी ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र को बर्बाद क्यों किया? बीजेपी ने देश की सबसे विकसित अर्थव्यवस्था को चौपट क्यों किया?

# पलवल जिला बार एसोसिएशन द्वारा एक विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** पलवल जिला बार एसोसिएशन द्वारा एक विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जहां एक तरफ अदालत से सेवानिर्वित हुए एडिशनल सेशन जज राकेश गर्ग को विदाई दी और पदोनति व ट्रांसफर होकर आये कुछ नए न्यायधीशों का स्वागत किया। इस दौरान बार एसोसिएशन में ब्लड डोनेशन कैंप भी आयोजित किया गया जिसमें रिटायर हुए मजिस्ट्रेट राकेश गर्ग के अलावा सभी अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के बाद पत्रकार से बातचीत करते हुए राकेश गर्ग ने बताया की उनकी पलवल जिला में 2022 में फरीदाबाद ट्रांसफर होकर जोइनिंग हुई थी तबसे अबतक हमारी अदालत में करीब 1600 केस डिसाइड हुए है। रिटायर हो रहे मजिस्ट्रेट ने कहा



की में सभी को यह संदेश देना चाहूंगा की हम झूठे केस अदालत में न लेकर आये ताकि जो सही केस हैं उनपर समय से सुनवाई हो सके। उन्होंने कहा की वो रिटायर मेन्ट के बाद भी एक्टिव प्रैक्टिस में रहेंगे और इसी पेशे से जुड़े रहेंगे। मजिस्ट्रेट राकेस गर्ग ने कहा की आज सुबह से कोर्ट परिषर में ख़ुशी का माहौल है मुझे सबसे पहले सभी जुडिसियल ऑफिसर्स ने मुझे बधाई दी फिर हमने कोर्ट परिषर में मौजूद बजरंग बलि मंदिर में भगवान हनुमान के दर्शन किये फिर रक्तदान शिविर में हिस्सा लेकर रक्तदान किया है। उन्होंने बताया की बार एसोसिएशन द्वारा बार रम में फूल मालाएं और पगड़ी और स्मृति चिन्ह के साथ स्वागत किया है।

# कुलपति डॉ. राज नेहरू ने की केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में आने का दिया निमंत्रण

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह से मुलाकात की और उन्हें स्टार्ट अप तथा उद्यमिता पर आधारित विभिन्न परियोजनाओं का ब्यौरा दिया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बजट में स्टार्ट अप पर किए गए प्रावधानों पर भी चर्चा की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा स्टार्ट अप के क्षेत्र में की गई पहल और नीतियों से अवगत करवाते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को विश्वविद्यालय परिसर के अवलोकन का निमंत्रण भी दिया। आने वाले दिनों में वह श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के नवाचारों का अवलोकन करने आ सकते हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा में कौशल शिक्षा का दोहरा मॉडल देश के सामने प्रस्तुत किया है। हालिया बजट से पूर्व भी केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कौशल संबंधित प्रावधानों पर परामर्श के लिए



कुलपति डॉ. राज नेहरू को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ एक सार्थक मुलाकात हुई। उन्हें स्टार्ट अप को लेकर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए इको सिस्टम की जानकारी दी और केंद्रीय बजट में स्टार्ट अप को लेकर किए गए प्रावधानों पर भी चर्चा की। कुलपति डॉ. राज नेहरू में बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने स्टार्ट अप के विषयों में गहरी रुचि दिखाई है। साथ ही उन्होंने शिक्षण संस्थानों के माध्यम से स्टार्ट अप के मार्फत स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एनडीए के तीसरे कार्यकाल में स्टार्ट अप एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रावधानों पर चर्चा की और इस दिशा में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

# जन भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक चलाएं संस्था अभियान : उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के प्रति जिला के लोगों को जागरूक करने के लिए सभी गांवों में जनजागरुकता का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग व संगठन जन भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक इस अभियान को संचालित करें। इस अभियान के तहत सरकार द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार जिला के गांवों में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं, जिसमें बढ़ चढ़कर ग्रामीण अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित गुलिया ने बताया कि जिला के ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस अभियान को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा सफाई जैसी गतिविधियों को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए हम सभी को नियमित सफाई रखने का संकल्प लेना होगा। स्वच्छता स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। स्वच्छता रखने से बीमारियों में कमी




लाई जा सकती है। अत: हम सभी इस अभियान को जन आंदोलन बनाकर सफल करें तो इसे सरकारी अभियान न मानकर जनभागीदारी से लाभकारी अभियान साबित करें। जिले में यह विशेष स्वच्छता अभियान 24 जुलाई से 15 अगस्त 2024 तक चलाया जाएगा, जिसमें जनभागीदारी बहुत ही जरूरी है। इसमें सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल स्टाफ, छात्र छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, राजनेताओं, सामाजिक संगठन, मीडिया, सामुदायिक रेडियो स्टेशन और ग्रामीण महिला-पुरुषों की अहम भूमिका अपेक्षित है। डीआरडीए नूंह के जिला कार्यक्रम प्रबंधक गोविन्द राम ने रेडियो मेवात स्टेशन पर जाकर जागरुकता हेतु संदेश देते हुए बताया कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की जननी है क्योंकि स्वच्छ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। उन्होंने कहा कि एक कदम स्वच्छता की ओर... स्वच्छता से विकास की ओर कदम बढ़ा कर ही भारत देश को स्वच्छ, सुन्दर और विकसित बनाया जा सकता है। इस अभियान के तहत जनभागीदारी से स्वच्छता हेतु सफाई, जागरुकता रैली, स्कूलों में मीटिंग, पौधारोपण आदि गतिविधियां कराई जा रही हैं।

# रेवाड़ी में हुआ महिला जैन मिलन त्रिशला शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** भारतीय जैन मिलन की प्रथम क्षेत्रीय कार्यकारिणी की सभा, कार्यशालाऔर महिला जैन मिलन त्रिशला शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रविवार, 28 जुलाई 2024 को प्रणम्य सागर मांगलिक भवन, श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, नसियां जी के प्रांगण में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर अजित प्रसाद जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर नरेश चंद्र जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर विनोद जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर महंत जी जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतिवीर जय कुमार जैन, राष्ट्रीय मुख्य महिला संयोजिका अतिवीरांगना सरिता जैन, राष्ट्रीय मुख्य युवा संयोजक अतिवीर राजीव जैन, राष्ट्रीय महिला शिक्षा संयोजिका अतिवीरांगना राखी जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर एस. के. जैन एडवोकेट, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अतिवीरांगना नेहा जैन, क्षेत्रीय मंत्री अतिवीर पियूष जैन, क्षेत्रीय महिला संयोजिका अतिवीरांगना शशि जैन, वीरांगना सुनीता जैन, रेवाड़ी शाखा अध्यक्ष वीर अरुण जैन, उपाध्यक्ष वीर राजेंद्र जैन, मंत्री वीर अमित जैन, कोषाध्यक्ष वीर सुनील जैन सह मंत्री वीर नितेश जैन एवं रेवाड़ी की दोनों शाखाओं के लगभग 50 सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 10:00 बजे वर्तमान शासन नायक 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं महावीर प्रार्थना से हुआ। तत्पश्चात क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत उदबोधन, क्षेत्रीय मंत्री द्वारा प्रगति प्रतिवेदन, शाखा विस्तार पर विस्तृत चर्चा, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550 निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम पर चर्चा, क्षेत्रीय अधिवेशन व महिला/युवा सम्मेलन पर चर्चा हुई। दोपहर 12:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह में महिला जैन मिलन त्रिशला रेवाड़ी शाखा की शाखा अध्यक्ष – वीरांगना अलका जैन, शाखा उपाध्यक्ष वीरांगना सुनीता जैन एवं वीरांगना अनामिका जैन, शाखा कोषाध्यक्ष वीरांगना गोपाली जैन, शाखा मंत्री – वीरांगना निशा जैन, शाखा सह-मंत्री – वीरांगना आशा जैन एवं वीरांगना आशु जैन, शाखा प्रचार-प्रसार मंत्री – अतिवीरांगना नेहा जैन एवं उपस्थित अन्य सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ग्रहण की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर नरेश चंद्र जी जैन ने नवीन शाखा के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराया। अरिहंत स्तुति के साथ समारोह का समापन हुआ।

# पहले दिन से एक्शन मोड में दिखी नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली

## शिकायत पर किया स्टेडियम के सिंथेटिक ट्रैक का निरीक्षण



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली कार्यभार संभालते ही पहले दिन एक्शन मोड में दिखी। डॉ वंदना को रेवाड़ी खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों के खेल ट्रैक में कमी की शिकायत मिली जिस पर डॉ वंदना पोपली ने स्टेडियम का औचक निरीक्षण कर स्टेडियम में व्याप्त खामियांयो का ध्यान खेल अधिकारियो को दिलाया। जिसमें मुख्य रूप से सिंथेटिक ट्रैक का मामला संज्ञान में आया। जिसका पैसा पास हो चुका है परन्तु अब तक रिलीज़ नहीं हुआ है। जिला अध्यक्ष ने अधिकारीयो से उसे जल्द से जल्द रिलीज करने के लिए कहा जिस से यहाँ अभ्यास करने आ रहे खिलाडी उसका फायदा उठा सके।

साथ ही उन्होंने कहा कि स्टेडियम में जो भी सुविधाएँ सरकार द्वारा दी गई है उन सुविधाओं और कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए कहा। इस दौरान स्टेडियम में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से मिल कर उनसे जानकारी ली तथा जिले में खेल को और कैसे बढ़ावा दिया जाए और यहाँ के खिलाडी आगे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जा सके इस विशेष पर चर्चा भी की।

# कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर हुई साहित्य गोष्ठी




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** सांस्कृतिक साहित्यक मंच रेवाड़ी के तत्वाधान में महान साहित्यकार, कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचन्द की जयंती पर वर्तमान समय में मुंशी प्रेमचन्द के साहित्य के महत्व नामक विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन बाल भवन में किया । गोष्ठी के आरंभ में आजादी आंदोलन के महान वीर शहीद उद्यम सिंह एवं मुंशी प्रेमचन्द को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने काफी संख्या में इस गोष्ठी में हिस्सा लिया जिसमे मुख्य रूप से रघुवीर सांभरिया, रमेश, कैलाश चंद, मांगे राम, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र कुमार, सत्यवान, कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट, इंदु देवी, सत्यवान, रामोतार, कृष्णा देवी, रणबीर, अजय, पवन, साधुराम व अमित अधिवक्ता ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द ने अपनी कहानियों के माध्यम से जैसे ठाकुर का कुंवा, पुश की रात, सवा शेर गेहूं, कफ़न, सामंती शोषण , जातीय कट्टरता, अमानवीय व्यवहार पर चोट मारी है।

पंच परमेश्वर कहानी में निर्वैक्तिक चरित्र को उजागर किया है।निर्मला उपन्यास करुणा दया भाव से सराबोर है।मुंशी प्रेमचन्द का साहित्य यथार्थ पर आधारित है। महाजनी व गोदान के माध्यम से पूजीवादी व्यवस्था के घिनौने चरित्र को उजागर किया है। सांस्कृतिक साहित्यक मंच के संयोजक मनोज यादव रिटायर्ड ईओ, बसंत कुमार प्राचार्य, मुख्याध्यापक हरिओम ने बताया कि सांस्कृतिक साहित्यक मंच के तत्वाधान में इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में आयोजित किए जायेंगे ताकि समाज से लुप्त होती मानवीय स्वेदना, मूल्य बोध को जिंदा किया जा सके। सामाजिक सोच पैदा हो और प्रगतिशील साहित्य से उच्च रुचि बोध पैदा किया जा सके।

# रुचि चौहान बनी रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की सचिव

समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेंन के सत्र 2024 25 की प्रथम जनरल मीटिंग में रोटेरियन रुचि चौहान ने क्लब की सचिव का कार्यभार संभाला। हम आपको बतां दें श्रीमती चौहान वर्ष 2020 से क्लब की सदस्य हैं और वर्तमान में हरियाणा शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित और खेलों में अग्रणी रहने वाली रुचि सदैव अपनी कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करती रही हैं। उनकी उपलब्धियां हेतु तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र हुड्डा द्वारा इन्हें कॉलेज स्तर पर विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चार उत्कृष्टता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनके जीवनसाथी रोटेरियन जे पी चौहान पूर्व असिस्टेंट



गवर्नर भी पिछले 10 सालों से रोटरी के माध्यम से विभिन्न समाज उपयोगी कार्यों में समर्पित भाव से जुड़े हैं। रुची चौहान का सचिव के तौर पर नए वर्ष में बालिका शिक्षा, नारी- उत्थान, पर्यावरण संरक्षण व समाज हित में कार्य करना ध्येय है, इन्हें रोटरी डिस्ट्रिक्ट टीम में भी जोनल चेयर का पद मिला है।

# फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों पर सब्सिडी के लिए करें चार अगस्त तक आवेदन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के सीआरएम घटक के तहत फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों सुपर सीडर तथा बेलिंग यूनिट पर 50 प्रतिशत सबसिडी के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के आवेदन के लिए चार अगस्त 2024 तक विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणाडॉटजीओवीडाटइन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर रबी सीजन एवं खरीफ-2024 के दौरान पंजीकरण किया हुआ हो। एक परिवार पहचान पत्र से केवल एक ही किसान आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए हरियाणा राज्य में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, बैंक खाता( मेरी फसल-मेरा ब्यौरा के अनुसार), पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, किसान को खेत में फसल अवशेष नहीं जलाने बारे, पिछले तीन वर्षों में इन कृषि यंत्र पर अनुदान न लेने बारे शपथ पत्र देना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदित किसानों की वरीयता सूची ऑनलाईन ड्रा के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी उपायुक्त की अध्यक्षता व किसानों की उपस्थिति में बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार चयनित किसानों को पोर्टल पर अपलोड दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रति सहायक कृषि अभियन्ता, भिवानी के कार्यालय में जमा करवानी होगी। किसान कृषि यंत्र खरीदने के लिए अपनी पसन्द के किसी भी निर्माता/डीलर जिसकी वैद्य टेस्ट रिपोर्ट हो, उसे चुन सकता है। किसान को ऑनलाइन मोड/बैंक/चेक द्वारा मशीन की पेमेंट करनी होगी, कैश अदायगी मान्य नहीं होगी। इसके अलावा जिन मशीनों की सबसिडी राशि एक लाख से अधिक होगी, उसकी 70 प्रतिशत सबसिडी राशि भौतिक सत्यापन के बाद तथा 30 प्रतिशत सबसिडी राशि 15 जनवरी के बाद मशीनों के उपयोग व पुन भौतिक सत्यापन उपरान्त जारी करने का प्रावधान रखा गया है। निर्माता वैलिड टेस्ट रिपोर्ट के साथ विभाग पोर्टल पर रजिस्टर करवा सकते है।

# इनेलो–बसपा की संयुक्त रैली 10 को मोहना में

**अभय चौटाला व आकाश आनन्द करेगें रैली को सम्बोधित**

**रैली की सफलता को लेकर इनेलो-बसपा की संयुक्त बैठक का आयोजित**



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आगामी 10 अगस्त को मोहना मण्डी में इंडियन नेशनल लोकदल व बहुजन समाज पार्टी की संयुक्त रैली के आयोजन को लेकर लोकसभा स्तरीय एक बैठक का आयोजन सैक्टर-11 स्थित इनेलो कार्यालय पर किया गया। इस बैठक में विशेष रूप से इनेलो के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान, कार्यकारी जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तेवतिया, महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू, पलवल जिले के इनेलो अध्यक्ष अजीत बॉबी, बसपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, बसपा के जिलाध्यक्ष सरदार उपकार सिंह, वरिष्ठ बसपा नेता संदीप पन्हेड़ा, एन.पी. बघेल, सुरेन्द्र वशिष्ठ, बसपा पलवल जिलाध्यक्ष नंदराम, जिला प्रभारी राजेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पृथला से रैली आयोजित कर इस सरकार को उखाड़ फैंकने का शंखनाद किया जाएगा। दोनों ही पार्टियों द्वारा आयोजित इस रैली को इनेलो विधायक व वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला, बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद सहित दोनों ही पार्टियों के वरिष्ठ नेता सम्बोधित करेगें। रैली को सफल बनाने के लिए बैठक में दोनों ही पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप कर ड्यूटियां लगाई गई।

इनेलो के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र चौहान ने कहा कि अब जनता प्रदेश की भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। इस भीषण गर्मी में न तो बिजली उपलब्ध हो रही है और न ही समय पर पानी उपलब्ध हो पा रहा है। युवाओं को पहले ही रोजगार नहीं मिल रहा है। गरीब दो जून की रोटी के लिए तरस रहा है। महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोगों का जीना दूभर हो गया है। लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों की बात करके लोगों को गुमराह कर भाजपा ने वोट हथिया लिए थे, मगर चुनाव जीतने के बाद यहां के प्रतिनिधि जनता के बीच से गायब है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनेगी और बेलगाम अधिकारियों पर नकेल कसी जाएगी।

बसपा के जिलाध्यक्ष सरदार उपकार सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि यह रैली एक ऐतिहासिक रैली होगी। दोनों ही पार्टी के नेता संयुक्त रूप से इस रैली को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगें और यह रैली भाजपा सरकार की कमर तोडने.का काम करेगी।

बसपा के वरिष्ठ नेता संदीप पन्हेड़ा ने बसपा की ओर से आश्वासन देते हुए कहा कि इस रैली में पृथला विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग रैली में पहुंचकर उसे सफल बनाएगें और इस गूंगी-बहरी सरकार के विरोध में पहुंचकर उनको आईना दिखाने का काम करेंगे।

इस मौके पर इनेलो नेता राम शरण रोतेला, सतवीर चाहर, जवाहर डागर, बसपा नेता नंदकिशोर नागर, ब्रजभूषण कर्दम, सुशील कटारिया, महावीर सिंह, राजकुमार, गंगालाल गौतम, लालचंद, सुन्दर बौद्ध, ब्रजेश, अशोक कुमार, विजय कुमार सहित इनेलो व बसपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खजानी वूमैनस वोकेशनल इंस्टीट्यूट की छात्राओं ने मनु भाकर को दी शुभकामनाएं




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी स्थित खजानी वूमैनस वोकेशनल इंस्टीटयट की छात्राओं ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर को पोस्टर बनाकर और उनकी फोटो हाथ में लेकर शुभकामनाएं दी हैं। छात्राओं ने कहा कि भारत की इस बेटी पर पूरे देश को गर्व है और उनके इस ऐतिहासिक धमाल के लिए जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है। इस मौके पर संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि मनु भाकर हमारे देश का कोहिनूर हीरा है जिसने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतकर विश्व में भारतवर्ष का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष के तिरंगे के सम्मान को नई ऊचाईयों पर पहुंचाने के लिए मनु भाकर को हार्दिक बधाई। संजय चौधरी ने कहा कि हम सभी को विश्वास है कि आगे भी हमारी यह होनहार खिलाड़ी अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर देश को ख्याति दिलाती रहेगी।

## जिला के ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा: सतबीर मान



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला के ग्रामीण अंचल में शुरू किए गये विशेष सफाई अभियान के तहत आज बुधवार को ग्राम पंचायत धौज, घरोड़ा तथा दयालपुर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान इन ग्राम पंचायतों में कूड़े के ढेरों को हटाया गया तथा स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों, स्वयं सहायता समूहो, आशा वर्करों एवं स्वच्छता ग्राहियों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान तालाब एवं जोहड़ों की महत्तवता एवं उनकी साफ-सफाई के के लिए भी लोगो को जागरूक किया गया तथा शौचालय का प्रयोग एवं रखरखाव, कूड़े करकट का घरेलू व सामुदायिक स्तर पर उचित प्रबंधन तथा गदे पानी के उचित निपटान के तौर तरीकों पर भी ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी। सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान ने कहा कि जिला फरीदाबाद के ग्रामीण अंचल में यह अभियान आगामी दिनांक 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां स्वच्छता होती है वहां भगवान प्रवेश करते हैं। इसलिए हमें अपने घर से लेकर गांव तक चारों और सफाई रखनी चाहिये। सफाई से अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात तो मिलेगी बल्कि हमारे चारों और का वातावरण भी सुहाना व प्रदूषण रहित बनेगा। पर्यावरण संरक्षण एवं वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए हमें अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को विशेष महत्त्व देना चाहिए। कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए क्लस्टर स्तर पर ग्राम पंचायतों में कल्सटर अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गये है।

# हार्ट अटैक से पीड़ित 17 वर्षीय मरीज का एसएसबी अस्पताल ने किया सफल इलाज

### एंजियोप्लास्टी स्टेंटिंग के जरिए बचाई मरीज की जान



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** मेजर हार्ट अटैक एवं गंभीर पैंक्रियाटाइटिस से पीड़ित 17 वर्षीय लडके की एसएसबी अस्पताल में सफल एंजियोप्लास्टी स्टेंटिंग करके जान बचाई गई। 17 साल के एक लडके को 4 दिन से पेट में दर्द और उल्टी हो रही थी। वह गंभीर पैंक्रियाटाइटिस बीमारी से पीड़ित था जिसका इलाज वह एक स्थानीय अस्पताल से करा रहा था। इलाज के चौथे दिन उनके सीने में तेज दर्द हुआ, ईसीजी और इको से पता चला कि उन्हें बड़ा दिल का दौरा पड़ा है। दिल का दौरा पडने के कारण उनका बीपी और ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक स्तर तक गिर गया। उसे एसएसबी अस्पताल, फरीदाबाद रेफर कर दिया गया। ईको के अध्ययन में हृदय बहुत कमजोर और पंपिंग शक्ति केवल 30 प्रतिशत थी। मरीज को तुरंत वेंटिलेटर पर रखा गया और कैथलैब में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनकी एंजियोग्राफी में बहुत सारे रक्त के थक्कों के साथ अवरुद्ध एलएडी धमनी दिखाई दी। सीनियर कार्डियोलोजिस्ट डॉ. सिद्धांत बंसल ने एलएडी के थक्के को निकाला और धमनी को स्टेंटिंग से खोल दिया। एसएसबी कार्डियक टीम द्वारा एलएडी धमनी खोलने के बाद उनके बीपी में सुधार हुआ और बाद में वेंटिलेटर की आवश्यकता भी कम हो गई। दवाओं और चिकित्सकों की गहन निगरानी में धीरे-धीरे उनकी पेनक्रियाज की सूजन का इलाज किया गया। एसएसबी अस्पताल की हृदय टीम द्वारा समय पर इलाज कर इस युवा लडके को बचा लिया गया। बता दे कि तीव्र हृदयाघात और गंभीर पैंक्रियाटाइटिस के रोगियों को बचाना मुश्किल होता है और मृत्यु की संभावना बहुत अधिक होती है। एसएसबी अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और आपातकालीन टीम के संयुक्त प्रयासों से मरीज कम उम्र में इतनी घातक बीमारी से बच गया। मरीज के परिवार ने समय पर एंजियोप्लास्टी और स्टेंटिंग करके उसकी जान बचाने के लिए डॉ. सिद्धांत बंसल को धन्यवाद दिया। इस मरीज् के सामने कई चुनौतियां थीं।

17 साल का जवान लडका होने के कारण किसी को दिल का दौरा पडने की आशंका नहीं थी, इसलिए वह अस्पताल देर से आया। इसके अलावा दिल का दौरा गंभीर पैंक्रियाटाइटिस की एक और जानलेवा स्थिति से जटिल था। दूसरी समस्या थी बहुत कम बीपी और बहुत कम ऑक्सीजन लेवल। डॉ. सिद्धांत बंसल ने इस युवक की जान बचाने के विशाल कार्य के बाद अपनी संतुष्टि व्यक्त की। डॉ. एस.एस. बंसल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी, हॉसपिटल, फरीदाबाद ने कहा कि आजकल कम उम्र में ही दिल के दौरे पड़ रहे हैं, इसलिए यदि किसी को किसी भी उम्र में सीने में तकलीफ/सांस लेने में समस्या हो रही है, तो उन्हें इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## चुनाव में हो ग्रीन मैनिफेस्टो पर चर्चा: नीलम अहलूवलिया



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा के 16 जलिों में समाज के सभी वर्गों से विचार विमर्श के बाद फ़रीदाबाद पहुँची ग्रीन मैनिफेस्टो की टीम ने फ़रीदाबाद के नागरिकों से सेक्टर 15 कम्युनिटी सेंटर में चर्चा कर फ़रीदाबाद के विशिष्ट मुद्दों को भी 26 पन्नों के ग्रीन मैनिफेस्टो में स्थान दिया. ग्रीन मैनिफेस्टो की टीम द्वारा जल, ज़मीन, जलवायु संरक्षण, जैविक व अजैविक कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों को आगामी हरियाणा चुनाव में सभी राजनैतिक पार्टियों व उम्मीदवारों को अपने अपने प्रादेशिक व स्थानीय घोषणा पत्रों में जगह देने के उद्देश्य से बनाया गया है. ग्रीन मैनिफेस्टो की टीम लीडर नीलम अहलूवालिया ने बताया की कई पार्टियों व उम्मीदवारों ने ऐसे पहले व नये प्रयास की सराहना की हैं व इन मुद्दों पर काम करने व इन्हें प्राथमिकता देने की बात कही है. नीलम आहलूवालिया ने यह भी बताया की महाराष्ट्र में होने वाले आगामी विधान सभा चुनावों के लिए भी मुंबई व पुणे के जागरूक नागरिकों के समूहों ने उनसे संपर्क किया है. बुधवार को संपन्न हुए इस विचार विमर्श में कई जागरूक नागरिकों के अलावा पंहेड़ा खुर्द के डी के शर्मा, काँवरा सरपंच कृष्ण कांत दीक्षित, झाड़सेतली आर डब्ल्यू ए के प्रधान धर्म सिंह डागर, ग्रेटर फ़रीदाबाद से सतिंदर दुग्गल, मिनी फारेस्ट को बनाने वाले व रख रखाव करने वाले समर्थ खन्ना, श्री निर्मल मेंहदेले, श्रीमती पिंकी बरार व पलवल से केदार नाथ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मानव रचना यूनिवर्सिटी में यातायात पुलिस द्वारा करीब 300 छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देकर किया जागरुक



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस द्वारा मानव रचना यूनिवर्सिटी में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया है। यातायात निरीक्षक ग्रेटर फरीदाबाद ने यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए छात्रों को बताया कि सडकसुरक्षा और यातायात नियम सभी लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए महत्वपूर्ण हैं, सडकों पर होने वाले दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए हमें यातायात नियमों का पालन करने चाहिए। उन्होंने बताया कि सडकदुर्घटनाओं का सीधा असर हमारे जीवन पड़ता है। यातायात नियमों का पालन करना सुरक्षित यात्रा का महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए, वाहन को निर्धारित गति पर ही चलाना चाहिए, निर्धारित आयु से कम को वाहन नही चलाना चाहिए। इसके साथ ही नशे की हालत में वाहन नही चलाने चाहिए। ट्रैफिक नियमों जैसे कि ट्रैफिक सिग्नल का पालन, लेन ड्राइविंग, उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट का उपयोग करने इत्यादि के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया गया। आमजन को सडक दुर्घटना से बचने के लिए वाहनों के तकनीकी मानकों का पालन करना चाहिए। यातायात पुलिस द्वारा नागरिकों और वाहन चालकों को सडक सुरक्षा एवं नियमों के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है ताकि सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाकर यातायात को प्रभाशाली रूप प्रदान किया जा सके। सडकसुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। नियमों का पालन करते हुए सडकपर सभी वाहनों को सुरक्षित रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# सावन माह में पूरा देश शिव भक्ति में रहता है सराबोर : विपुल गोयल

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने सीही गांव से हरिद्वार के लिए डाक कावड़ की रवाना



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने आज फरीदाबाद के सीही गांव से हरिद्वार के लिए डाक कावड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर गोयल ने हरिद्वार जाने वाले सभी शिव भक्तों को शुभकामनाएं दीं और उनकी मंगलमय यात्रा की प्रार्थना की। बता दें की सावन के पवित्र महीने में, पूरे देश से करोड़ों श्रद्धालु हरिद्वार और गोमुख से कावड़ लाने के लिए जाते हैं। इस दौरान लाखों भक्त शिव की सेवा में जुटे रहते हैं, उनके खाने और ठहरने का प्रबंध करते हैं।

सावन के महीने में पूरा देश शिव भक्ति में सराबोर रहता है। कल सीही गांव के स्थानीय युवाओं ने हरिद्वार से डाक कावड़ लाने के लिए यात्रा आरंभ की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विपुल गोयल ने युवाओं को झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। उन्होंने सभी शिव भक्तों से आह्वान किया कि मां गंगा के चरणों में प्रणाम कर फरीदाबाद क्षेत्र की उन्नति और समृद्धि की प्रार्थना करें।

इस दौरान बम बम भोले के जयकारे गूंज उठे और पूरा वातावरण शिवमय हो गया। प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने कहा कि सावन का महीना हमें आध्यात्मिकता और एकता का संदेश देता है। गोयल ने कहा की भारतीय जनता पार्टी सदैव आस्था और संस्कृति के साथ खड़ी रही है और ऐसे धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करके समाज के हर वर्ग को जोडने.का कार्य करती है। यह डाक कावड़ 24 घंटे के भीतर हरिद्वार से फरीदाबाद लाई जाएगी। इससे पूर्व, सीही गांव के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उनका गर्मजोशी से आतिथ्य सत्कार किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद कुलदीप तेवतिया, अनिल तेवतिया, पवन तेवतिया, कुलदीप तंवर, ओमबीर तेवतिया, विजय चौंदला, बिल्लू पहलवान , किरपाल तेवतिया, लवली, विक्की, प्रतीक , राकेश, मोहित, प्रदीप, प्रवेश, विनीत, शिवम, चिंटू, सुधीर, सतीश, विनय, जैकी, मोनू, ओमप्रकाश, अमित व अन्य काफी लोग मौजूद थे।

## सरसों के तेल का वितरण अब 31 अगस्त तक होगा: उपायुक्त विक्रम सिंह

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशालय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा मास जुलाई 2024 के लिए आंबटित सरसों तेल के वितरण की अवधि दिनांक 31.08.2024 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास जुलाई 2024 के लिए आबंटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गये है, वे अपने नजदीक डिपो धारक से दिनांक 31.08.2024 तक मास जुलाई 2024 का सरसों तेल प्राप्त कर सकते है। निदेशालय के निर्देशानुसार वर्तमान में सभी बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड धारकों को 2 लीटर सरसों तेल प्रति कार्ड 20/-रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से वितरित किया जा रहा है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सहायक खाद्य एव आपूर्ति अधिकारी बल्लभगढ़- 7838455860, सहायक खाद्य एव आपूर्ति अधिकारी एनआईटी- 9466285499 और सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी ओल्ड फरीदाबाद- 8076060035 से संपर्क कर सकते हैं।

## प्रदेश में अब विवाह पंजीकरण करवाना हुआ आसान: डीसी विक्रम सिंह

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में सिटी मजिस्ट्रेट (सीटीएम), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब विवाह पंजीकरण करवाने वाले लोग लोकल स्तर पर अपनी सुविधा अनुसार ग्राम सचिव से लेकर बीडीपीओ, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मैरिज रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इससे पहले ग्रामीण स्तर पर केवल तहसीलदार के पास ही मैरिज रजिस्ट्रेशन का अधिकार था। इसी प्रकार, शहरी क्षेत्रों के लिए संयुक्त आयुक्त, कार्यकारी अधिकारी, सचिव नगर समिति, तहसीलदार, नायब तहसीलदार नामित रजिस्ट्रार होंगे। नागरिक अब अपने विवाह को घर के नजदीक उक्त अधिकारियों के माध्यम से सरकारी कार्यालय में पंजीकृत करवा सकते हैं। मैरिज रजिस्ट्रार की संख्या बढ़ने और घर से कम दूरी के कारण अब विवाह पंजीकरण करवाने वालों के लिए सुविधा के साथ-साथ समय की भी बचत होगी। विवाह पंजीकरण https://shaadi.edisha.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। बता दें कि हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2020 में सुशासन पहल के तहत विवाह पंजीकरण के लिए पोर्टल लांच किया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एडीसी-सह-डीसीआरआईओएस (अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी) के पास परिवार पहचान पत्र डेटाबेस (पीपीपी-डीबी) में डेटा निर्माण और अपडेट से संबंधित जिम्मेदारियां दी गई हैं। विवाह पोर्टल को परिवार पहचान पत्र डेटा बेस के साथ जोड़ा गया है। विवाह पंजीकरण के लिए एडीसी सह डीसीआरआईओ पीपीपी-डीबी को जिला रजिस्ट्रार के रूप में भी नामित किया गया है। उक्त अधिकारी को ही प्रथम अपीलकर्ता प्राधिकारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रक्रिया से जिला स्तर पर विवाह पंजीकरण व परिवार पहचान पत्र में तालमेल बन पाएगा, जिससे नागरिक को फैमिली आईडी के साथ-साथ विवाह पंजीकरण संबंधित शिकायतों का एक ही स्थान पर समाधान हो पाएगा।

## देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित गिरफ्तार

समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेन्ट्रल की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ईश्वर उर्फ विष्णु गांव पृथला पलवल का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से दशहरा ग्राउंड बल्लबगढ से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ़ में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि आरोपी देसी कट्टा व जिंदा रोंद को करीब 4 महिने पहले अलीगढ़ रेलवे स्टेशन के पास किसी अनजान व्यक्ति से हवा बाजी के लिए 7500 रूपए में खरीद कर लाया था। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

## एडिटर की कलम से....

# चार बड़े मौके आए, लेकिन एक बार भी नहीं जुटा पाए हिम्मत

अखबारों में छपी दो खबरों ने यह विश्लेषण लिखने को प्रेरित किया। एक खबर थी, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार का रिमांड तीन दिन बढ़ा। दूसरी खबर थी, महिला कोच से यौन शोषण मामले में पूर्व खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह पर कोर्ट ने आरोप तय किए। हालांकि, इन दोनों ही खबरों का आपस में कोई संबंध नहीं, लेकिन राजनीतिक तौर पर दोनों ही खबरें बेहद महत्वपूर्ण हैं। सुरेंद्र पंवार के अलावा भंवर में फंसे अन्य कांग्रेस विधायकों के मामले भी जहन में ताजा हो गए। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा का रवैया भी आंखों के सामने घूमा, जो एक बार भी अपने किसी पीड़ित विधायक की सुध लेने आगे नहीं आए। जबकि, बेहद संगीन आरोपों में फंसे तत्कालीन राज्य मंत्री संदीप सिंह को बचाने के लिए उस समय के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुल कर फ्रंट लाइन पर खेल रहे थे।



नरवीर यादव
एसोसिएट एडिटर

देखा जाए तो कांग्रेस के तीन विधायक धर्म सिंह छौक्कर, राव दान व सुरेंद्र पंवार ईडी के निशाने पर हैं। धर्म सिंह छौक्कर का बेटा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है, तो सुरेंद्र पंवार का 9 दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ईडी ने 3 दिन का रिमांड और बढ़वा लिया है। राव दान सिंह पर छापे के बाद मिले दस्तावेजों का ईडी अधिकारी अध्ययन कर रहे हैं। इन तीनों विधायकों को भूपेंद्र सिंह हुड्डा का करीबी माना जाता है, लेकिन तीनों के ऊपर जब ईडी रूपी विपदा आई तो हुड्डा ने इनमें से किसी की भी सुध तक नहीं ली। न तो इन पर चल रहे ईडी के छापों की सूचना के बाद हुड्डा इनमें से किसी के घर या प्रतिष्ठान पर पहुंचे और न ही सुरेंद्र पंवार की गिरफ्तारी के बाद उनके परिवार को हिम्मत देने के लिए घर गए। यही नहीं, हुड्डा अंबाला कोर्ट में पेशी के दौरान सुरेंद्र पंवार को मानसिक मजबूती देने भी नहीं पहुंचे। राव दान सिंह पर छापे खत्म होने के बाद हुड्डा उनके घर भी नहीं गए थे, न ही धर्म छौक्कर के पास जाकर उन्हें संकट का समय जल्द टल जाने को लेकर प्रेरित किया था।

यानी, खुद को हरियाणा कांग्रेस का सर्वेसर्वा मानने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने विधायकों का किसी भी तरह की मुसीबत के समय साथ देने से बचते ही हैं, कम से कम ताजातरीन मामलों को देखकर तो यही लगता है। खैर, इसे संयोग भी कहा जा सकता है कि ये तीनों विधायक ईडी के निशाने पर हैं और हुड्डा खुद भी ईडी का सामना कर रहे हैं। ऐसे में यह भी हो सकता है कि उन्हें इस बात का भय रहा हो कि कहीं वे अपने विधायकों के लिए एक्टिव हुए तो फिर ईडी उनके मामले में सुपर एक्टिव हो सकती है।

इन तीनों से अलग कांग्रेस के एक और विधायक मामन खान पर भी मुसीबत आई। उन पर पिछले साल हरियाणा पुलिस ने नूंह हिंसा के बाद 4 मामले दर्ज किए थे। मामन खान को गिरफ्तार किया गया, रिमांड पर लिया गया, जेल में भी रखा गया। लेकिन, न तो उनकी गिरफ्तारी के वक्त हुड्डा पुलिस थाने गए, न पुलिस रिमांड के दौरान मिलने की कोशिश की, न ही जेल में मिलने पहुंचे। यही नहीं मामन खान के परिजनों तक को कष्ट की घड़ी में साथ देने का भरोसा तक नहीं दिया। यानी, अपने विधायकों के दुख-दर्द में साथ खड़े होने के मामले में हुड्डा फिसड्डी ही साबित हुए हैं।

इन सभी के विपरित मनोहर लाल मुख्यमंत्री रहते हुए अपने विधायक व राज्य मंत्री संदीप सिंह के साथ ही नहीं, बल्कि उनसे दो कदम आगे खड़े नजर आए थे। मार्च में अपनी कुर्सी जाने तक उन्होंने संदीप सिंह की कुर्सी भी नहीं जाने दी। जबकि, संदीप सिंह पर तो बेहद संगीन आरोप थे। ऐसे आरोप जो हरियाणवी समाज में तो बेहद गिरी हुई हरकत के तौर पर माने जाते हैं। ये आरोप किसी और ने नहीं, बल्कि उनके महकमे की एक महिला कोच ने लगाए थे, जो यौन शोषण से संबंधित थे। अब चंडीगढ़ कोर्ट ने पूर्व मंत्री संदीप सिंह पर महिला की आबरू भंग करने के इरादे से हमला करना, शारीरिक शोषण या यौन डिमांड करना, महिला के कपड़े उतारने के लिए बल प्रयोग करना, किसी शब्द या हरकत से महिला की आबरू भंग करने का प्रयास करना, आपराधिक रूप से धमकाना आदि को लेकर आरोप तय कर दिए हैं। संदीप सिंह के खिलाफ पीड़िता बार-बार चिल्ला-चिल्ला कर अपने साथ गलत होने का रोना रो रही थी, लेकिन यह तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ही थे, जो सब कुछ जानते हुए भी संदीप सिंह का साथ दे रहे थे। उन्होंने तो बाकायदा विधानसभा में जोर-जोर से कहा था, इस्तीफा नहीं लेंगे, नहीं लेंगे, नहीं लेंगे।

खैर, धर्म सिंह छौक्कर, सुरेंद्र पंवार, राव दान सिंह, मामन खान, संदीप सिंह के मामलों में क्या कुछ होगा, इसका फैसला जब कभी आएगा तो हर किसी को पता चल ही जाएगा। लेकिन, फिलहाल के लिए यही कहा जा सकता है कि जिस तरह मनोहर लाल अपने विधायक की ढाल बनकर खड़े रहे, भूपेंद्र सिंह हुड्डा उस तरह तो दूर, कभी इन विधायकों के परिजनों तक को संकट के समय ढांढस नहीं बंधा पाए।

अजय दीप लाठर की फेसबुक वॉल से साभार!

# छात्रों को बस्ते के बोझ से राहत!

## बिना बैग स्कूल आने के लिए शिक्षा मंत्रालय की गाइडलाइन

देश के सभी स्कूलों के वार्षिक कैलेंडर में 10 Bagless Days के नियम को भी शामिल करना अनिवार्य होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 6-8 क्लास तक के छात्रों के लिए जारी की गई गाइडलाइंस में कहा है कि हर स्कूल को इसे मानना होगा। गाइडलाइंस में इंडोर और आउटडोर एक्टिविटीज के तमाम विकल्प दिए गए हैं और स्कूल अपनी सुविधा के हिसाब से इसे एनुअल प्लान में शामिल कर सकते हैं। स्कूलों को सलाह दी गई है कि वार्षिक कैलेंडर में वर्ष में दो बार यानी 5-5 दिन तय किए जा सकते हैं, जब छात्र बिना बैग के स्कूल आएंगे।

**केंद्रीय बजट 2024-24 में सरकार ने रोजगार और स्किल ट्रेनिंग (कौशल प्रशिक्षण) को प्राथमिकताओं में शामिल किया है**



जिस तरह से स्कूल नए सत्र की शुरूआत में एनुअल अकेडमिक प्लान तैयार कर लेते हैं, उसी तरह से उस प्लान में 10 दिनों का यह शेड्यूल भी शामिल करना होगा। क्लासरूम टीचिंग को नया रूप देने के मकसद के साथ यह प्लान लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सिफारिश की गई है कि बैगलेस डेज के समय बच्चों को लोकल आर्टिस्ट से मिलवाया जाए, उनको ऐतिहासिक स्मारकों पर लेकर जाया जाए और उन्हें क्लासरूम से बाहर की दुनिया दिखाई जाए।

केंद्रीय बजट 2024-24 में सरकार ने रोजगार और स्किल ट्रेनिंग (कौशल प्रशिक्षण) को प्राथमिकताओं में शामिल किया है और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भी स्कूली जीवन से ही छात्रों को कौशल प्रशिक्षण देने की दिशा में काम कर रहा है। बैगलेस डेज के दौरान भी छात्रों को आर्टिस्ट, स्पोर्ट्समैन, एनीमेशन, ग्राफिक डिजाइनर, फैशन डिजाइर समेत अलग- अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों से मिलवाया जाएगा और जब तक वे स्कूल में रहेंगे, तब तक उन्हें गाइडेंस भी दी जाएगी।

**गांव का मेला, पंचायत ऑफिस देखेंगे छात्र:**

एनसीईआरटी के डायरेक्टर प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने इन गाइडलाइंस की शुरूआत में लिखा है कि यह छात्रों पर बैग का बोझ कम करने के लिए ऐतिहासिक कदम है और मकसद है कि स्कूल जाने में छात्र खुशी महसूस करें और किसी तरह का प्रेशर न लें। गाइडलाइंस में स्कूलों के लिए बहुत सारी एक्टिविटीज दी गई है, जिसमें से वे अपने हिसाब से चुन सकते हैं।

शहरों में पढ़ने वाले छात्रों को गांव के मेले, गांव में पंचायत ऑफिस देखने को मौका मिलेगा। टीवी पर पंचायत जैसी सीरीज में जिस तरह से पंचायत की कार्यप्रणाली को दिखाया जाता है, उसी तरह से छात्र वास्तविकता में पंचायत ऑफिस देख सकेंगे।

इन दस दिनों को पूरी तरह के फन मोड में कन्वर्ट किया जाएगा। पोस्ट ऑफिस, बैंक, नैशनल पार्क, एजुकेशनल टूर, फील्ड विजिट, महिला पुलिस थाना, सरकारी दफ्तर, यूनिवर्सिटी- कॉलेज समेत अनेक जगहों पर छात्रों को फील्ड विजिट पर ले जाया सकता है।

इन दस दिनों में छात्र जिन- जिन एक्टिविटिज में हिस्सा लेंगे, उसके लिए कोई नंबर या ग्रेडिंग नहीं होगी। टीचर्स की यह जिम्मेदारी होगी कि वह छात्र को यह बताते रहें कि उन्हें एक्टिविटीज को कैसे पूरा करना है।

**एक्सपर्ट्स से मुलाकात:**

स्कूली शिक्षा के लिए जारी किए गए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (ठठत्र) में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि क्लासरूम टीचिंग केवल किताबों की दुनिया ही नहीं है बल्कि छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स से भी मिलवाना चाहिए। गाइडलाइंस के मुताबिक इन दस दिनों में छात्रों को स्थानीय पारिस्थितिकी के बारे में जागरूक करने, उन्हें पानी की शुद्धता की जांच करना सिखाने, स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को पहचानने और स्थानीय स्मारकों का दौरा करवाया जाए। म्यूजिक एंड कल्चरल एक्टिविटीज में हिस्सा लें।

वैल्यू एंड पीस एजुकेशन के बारे में बताया जाए। राष्ट्रीय त्योहारों के महत्व की जानकारी दी जाए। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें सोलर एनर्जी पार्क, बायोगैस प्लांट की विजिट हो। साथ ही साइबर सिक्युरिटी भी अहम रहे। शिक्षा नीति में यह कहा गया है कि कक्षा 6-8 के सभी छात्रों के लिए दस दिन बिना बैग के स्कूल जाना जरूरी होगा। इस दौरान छात्र लोकल स्किल एक्सपर्ट्स के साथ इंटर्नशिप करेंगे और पारंपरिक स्कूल व्यवस्था से बाहर की गतिविधियों में भाग लेंगे।

बैगलेस डेज के दौरान कला, क्विज, खेल और कौशल-आधारित शिक्षा जैसी विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी। ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा, स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों के साथ बातचीत और स्थानीय कौशल आवश्यकताओं के अनुसार उनके गांव, तहसील, जिले या राज्य के भीतर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का दौरा शामिल है। मौजूदा दौर में दूसरी और तीसरी क्लास से ही बच्चे पर बस्ते का बोझ बढ़ जाता है। छठी से आठवीं क्लास में तो बस्ते का बोझ इतना ज्यादा होता है कि कई बार बच्चा अपने बस्ते को ठीक से उठा भी नहीं पाता।

सरकार ने समय- समय पर बस्ते का बोझ कम करने की गाइडलाइंस तो दी हैं लेकिन स्कूलों में इसका सख्ती से पालन नहीं किया जाता है। किसी भी प्राइवेट स्कूल में देखें तो बस्ता बहुत भारी है। दस दिन बिना बस्ते का आइडिया तो अच्छा है लेकिन साथ ही दूसरे दिनों में भी बस्ते का बोझ कम होना चाहिए।

# नितिन गडकरी ने अपनी ही सरकार से कर दी टैक्स हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी ही सरकार से लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाला जीएसटी वापस लेने की मांग की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे एक पत्र में गडकरी ने कहा कि इस कदम से बीमा कंपनियों पर टैक्स का बोझ कम करेगा और देश में महत्वपूर्ण बीमा उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा। नागपुर एलआईसी यूनियन की ओर से सीतारमण को पत्र लिखते हुए गडकरी ने कहा कि लाइफ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगाया जाने वाला इनडायरेक्ट टैक्स जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है।




अभी लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस के प्रीमियम पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है।

ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर गड़करी ने सीतारमण को लिखे पत्र में कहा कि नागपुर डिवीजनल लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन एम्प्लाइज यूनियन, नागपुर ने मुझे इंश्योरेंस इंडस्ट्री से संबंधित मुद्दों के बारे में एक ज्ञापन सौंपा है और इसे आपके समक्ष उठाने की मांग की है। यूनियन द्वारा उठाया गया मुख्य मुद्दा जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने से संबंधित है। जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने जैसा है। संघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को कुछ सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को कवर करता है, उसके प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए। इसी तरह, मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18% जीएसटी इस बिजनस के विकास के लिए बाधक साबित हो रहा है। एडीबी की एक हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बुजुर्गों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस के मामले में भारत एशिया प्रशांत देशों में सबसे निचले स्थान पर है।

इससे साफ है कि देश में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज को बढ़ाने की जरूरत है। गडकरी ने कहा कि सरकार को लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने के सुझाव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करना चाहिए।

बीमा उत्पादों के लिए जीएसटी पर संसदीय पैनल ने सिफारिश की है कि बीमा उत्पादों, विशेष रूप से स्वास्थ्य और टर्म बीमा पर जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की आवश्यकता है। पैनल ने यह भी सुझाव दिया कि आरबीआई सरकार की ओर से बीमा उद्योग की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 'ऑन-टैप' बॉन्ड जारी कर सकता है। इसके 40-50,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# केवल तीन संकल्पों से अखण्ड सौभाग्य मिल सकता है।

भारतीय ज्ञानवेत्ता, ऋषि-महर्षियों ने अपनी दूर दृष्टि से मानव प्रवृत्ति, ग्रह-नक्षत्रों, तिथि, वार आदि का अध्ययन कर कुछ नियम, संकल्प, व्रत विधि-विधान बनाए जिनका अगर ठीक ढंग से पालन किया जाए तो न केवल दाम्पत्य जीवन में बल्कि घर-परिवार की समृद्धि, सुख-शांति में भी बढ़ोत्तरी की जा सकती है। व्रत-त्योहारों की गणना हिन्दी पद्धति में प्रचलित मास, पक्ष एवं तिथियों के समन्वय पर आधारित है। तीज देखा जाए तो हिन्दु माह पद्धति में तीसरी तिथि का संबोधन है। यूं तो तीज हर माह अमावस्या तथा पूर्णिमा के बाद तीसरे दिन रहती है परन्तु सावन मास में शुक्ल पक्ष की तीज अतिविशिष्ट मानी जाती है। सावन मास शुक्ल पक्ष की तीसरी तिथि, हरियाली तीज के रूप में प्रसिद्ध है, जिसे स्त्रियां विशेष उत्सव के रूप में मनाती हैं। इस दिन महिलाएं अपने पति की कुशलता के लिए व्रत रखती हैं। हरियाली तीज भगवान शिव शंकर और माता पार्वती को समर्पित है। हरियाली तीज का पर्व विकृत भावनाओं का दमन कर दाम्पत्य जीवन को खुशहाल कर सामाजिक उत्थान करता है।



**तीज माता और तीन संकल्प**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार श्रावण मास की तृतीया तिथि को माता पार्वती ही तीज माता के रूप में अवतरित हुईं। हरियाली तीज पर्व पर देवी पार्वती के इसी तीज माता रूप की उपासना की जाती है। पौराणिक मान्यताओं को मानें तो तीज पर तीन बातों को तजने (छोड़ने) का विधान है। स्त्रियों को तीज माता का पूर्ण आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-सौभाग्य के लिए यह आवश्यक है कि तीज पर्व पर तीन बातों, पहली पति से छल-कपट, दूसरी झूठ, दुर्व्यवहार एवं तीसरी परनिन्दा को त्यागने का संकल्प लेना चाहिए। कलियुग के प्रभाव के कारण अधिकांश व्यक्तियो के अन्दर झूठ बोलने की प्रवृत्ति ने जन्म ले लिया है, परन्तु अगर तीज माता के आगे व्रतकर्ता सौभग्यवती स्त्रियां पति से हर समय सच बोलने की प्रतिज्ञा लेती हैं, तो जीवन में पूर्वजन्मों के कर्म अनुसार आने वाले कष्टों का भी निराकरण सरलता पूर्वक हो जाता है।

# कमर तक लंबे बालों के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

कई लड़कियों व महिलाओं को लंबे बाल पसंद होते हैं, तो कुछ को छोटे। कई लड़कियां चाहती हैं कि उनके बाल झड़ना बंद हो जाएं और बालों की अच्छी ग्रोथ हो। जिसके लिए हम कई तरह के शैंपू और हेयर प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट में केमिकल होने के कारण हमारे बाल रूखे और बेजान होने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी घुटनों तक लंबे बाल चाहती हैं, तो हम आपको कुछ नुस्खे बताने जा रहे हैं। इन नुस्खो को आजमाने के बाद आपके कमर तक लंबे बालों का सपना सच हो जाएंगा। तो आइए जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...

**नारियल तेल में मिलाकर लगाएं ये चीजें**

अगर आप अपने बालों को कमर जितना लंबा करना चाहती हैं, तो चार बड़े चम्मच नारियल तेल गर्म कर उसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल और एक बड़ा चम्मच अरंडी का तेल मिलाकर बालों में अप्लाई करें। फिर 20-25 मिनट तक इसे बालों में लगाए रहने के लिए हेयर वॉश करें। महीने भर में आपको इसका असर दिखेगा।

**दही में मिलाकर लगाएं ये चीज**

बालों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए 2 कप दही, 2 चम्मच नारियल का तेल और 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाकर बालों में 30 मिनट के लिए अप्लाई करें। फिर नॉर्मल पानी से बालों को धो लें। सप्ताह में एक बार इस नुस्खे को आजमाने से आपको असर दिखने लगेगा।

**सरसों के तेल में मिलाएं ये बीज**

हमारे बालों के लिए सरसों का तेल काफी फायदेमंद होता है। पुराने समय से बालों में इस तेल का इस्तेमाल किया जाता है।

# बदल जाएगी 12वीं बोर्ड परीक्षा? 9वीं, 10वीं, 11वीं... सबके नंबर मिलाकर बनेगा क्लास 12 बोर्ड रिजल्ट!

एनसीईआरटी की इकाई 'परख' ने शिक्षा मंत्रालय को एक रिपोर्ट सौंपी है। इसमें सभी स्कूल बोर्ड परीक्षाओं में मूल्यांकन प्रक्रिया एक समान करने के उपाय सुझाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि 12वीं बोर्ड के फाइनल मार्क्स में 9वीं, 10वीं और 11वीं कक्षा के प्रदर्शन को भी शामिल किया जाना चाहिए। इन सभी क्लासेस में बच्चों की परफॉर्मेंस उनके एग्जाम्स और क्लास के काम, दोनों को ध्यान में रखकर तय होगा। 12th बोर्ड के लिए किस क्लास को कितना वेटेज?

क्लास वाइज वेटेज इस प्रकार निर्धारित किया गया है

| क्लास | वेटेज |
|---|---|
| 9वीं | 15% |
| 10वीं | 20% |
| 11वीं | 25% |
| 12वीं | 40% |

'परख' की रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों का मूल्यांकन फॉर्मेटिव असेसमेंट (एग्जाम रिपोर्ट कार्ड, ग्रुप डिस्कशन, प्रोजेक्ट्स, आदि के जरिए कंटीन्यूअस क्लासरूम असेसमेंट) और समेटिव असेसमेंट (टर्म एंड एग्जाम) का कॉम्बिनेशन होना चाहिए। इस आधार पर रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि-



क्लास 9th में फाइनल मार्क्स का 70% Formative Assessment और 30% Sometime Assessment से लिया जाए।

10th क्लास में ये 50-50% वेटेज पर हो।

क्लास 11th के लिए यह अनुपात क्रमशः 40% और 60% होगा।

12th क्लास में फॉर्मेटिव असेसमेंट का वेटेज घटकर 30% रह जाएगा और फाइनला मार्क्स का योग 70% समेटिव असेसमेंट पर आधारित होगा।

'परख' ने अपनी सिफारिशों में यह भी सुझाव दिया है कि आंकलन क्रेडिट के संदर्भ में हो। यानी एक छात्र 9वीं और 10वीं कक्षा में 40-40 क्रेडिट और 11वीं और 12वीं कक्षा में 44-44 क्रेडिट स्कोर कर सकता है।

9वीं और 10वीं कक्षा में, 32 क्रेडिट सब्जेक्ट स्पेसिफिक होंगे (तीन भाषाओं में 12 क्रेडिट, मैथ्स में चार क्रेडिट, साइंस के लिए 4, सोशल साइंस के लिए 4, आदि)।

सिफारिशों में शामिल है कि बोर्डों को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप क्रेडिट ट्रांसफर की एक प्रणाली विकसित करनी चाहिए।

**परख की स्थापना पिछले साल देश भर के स्कूल बोर्ड्स के आंकलन को मानकीकृत करने के लिए की गई थी। इसका काम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तय किया गया है।**

**राज्यों के स्कूल बोर्ड ने क्या कहा?**

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार इस रिपोर्ट को सभी स्कूल बोर्डों के साथ उनके फीडबैक के लिए शेयर किया गया है। पिछले सप्ताह हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के अधिकारियों के साथ पहले दौर की चर्चा हुई थी। बताया जा रहा है कि इस बैठक में, राज्यों ने कक्षा-वार प्रदर्शन को शामिल करने के लिए एक अलग दृष्टिकोण का तर्क दिया। राज्यों ने तर्क दिया कि 9वीं, 10वीं और 11वीं कक्षा के प्रदर्शन को अंतिम 12वीं की रिपोर्ट कार्ड में शामिल करने के बजाय, 9वीं के 40% अंक और 10वीं के 60% अंक को अंतिम 10वीं के अंक में जोड़ा जाना चाहिए। इसी तरह, 11वीं के 40% अंक और 12वीं के 60% अंक को अंतिम 12वीं के अंक में जोड़ा जाना चाहिए। 'परख' अब अगस्त में बाकी स्टेट स्कूल बोड्र्स के साथ चर्चा करेगा।

**परख क्या है?**

परख की स्थापना पिछले साल देश भर के स्कूल बोड्र्स के आंकलन को मानकीकृत करने के लिए की गई थी। इसका काम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तय किया गया है। इसमें कैपेसिटी डेवलपमेंट, अचीवमेंट सर्वे, स्कूल बोर्डों की समानता और एक समान मूल्यांकन मानकों को शामिल किया गया है। पिछले एक साल में 32 स्कूल बोड्र्स के साथ चर्चा के बाद, परख ने इस महीने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को ये रिपोर्ट सौंपी है।

## हरियाणा उदय के जन संवाद कार्यक्रम में कल सुनी जाएगी लोगों की समस्याएं



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि 2 अगस्त को सुबह 10.30 बजे सिवानी की केडिया धर्मशाला में हरियाणा उदय के जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी और मौके पर ही उनका विभिन्न विभागों के अधिकारियो द्वारा समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय में ज़रूरतमंद एवम् दूरदराज से आने वाली छात्राओं को स्कूटी वितरित की जाएगी। आउटरीच कार्यक्रम में शहर में सफाई अभियान के चलाकर शहर को स्वच्छ करने का संदेश दिया जायेगा। इस दौरान पर्यावरण के संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया जाएगा। एसडीएम वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करने के लिए हेल्प डैस्क भी लगाया जाएगा और परिवार पहचान पत्र में आय आदि त्रुटियों को ठीक किया। कार्यक्रम में राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए हेल्प डेक्स लगाया जाएगा और राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाए।एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत कैम्प लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और ऋण आदि समस्याओं के समाधान करने के लिए भी हेल्प डैस्क लगाया जाएगा। इसमें पशुपालन विभाग के उप निदेशक तथा सभी बैंकों के प्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे। एसडीएम ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना की समस्याओं के समाधान के लिए भी हेल्प डैस्क लगाया जाएगा और लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी। कार्यक्रम में जिला तथा मंडल स्तर के सभी अधिकारी मौजूद हैं।

## आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन कल

समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** हरियाणा उदय के तहत सिवानी के रुपाणा रोड़ स्थित केडिया धर्मशाला में 2 अगस्त को सुबह 10.30 बजे आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और उपायुक्त महावीर कौशिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा उदय के आउटरीच कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की योजनाओं का अंत्योदय परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लोगों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला तथा मंडल स्तर के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट को पदोन्नति व तबादला होने पर दी विदाई पार्टी




समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी मंडी।** स्थानीय एसडीजेएम सुनील कुमार का यहां से जींद तबादला होने पर तथा साथ ही उनको पदोन्नति मिलने पर स्थानीय बार एसोसिएशन की अधिवक्ताओं की ओर से उनके सम्मान में एक विदाई पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बार एसोसिएशन के प्रधान सुधीर श्योराण ने बताया कि एसडीजेएम सुनील कुमार का यहां से जींद तबादला हो गया है साथ ही उनको सीजेएम के पद पर पदोन्नति मिली है। बार एसोसिएशन की ओर से उनके सम्मान में एक विदाई पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बार के सभी अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## जिला परिवर्तन की मांग नहीं मानी तो भाजपा को आने वाले चुनावों में दिखायेंगे आईना: सुरेश बड़वा



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी** जिला परिवर्तन संघर्ष समिति द्वारा सिवानी को भिवानी से हटाकर जिला हिसार में शामिल करवाने के लिये काफी लंबे समय से अभियान चलाकर क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर जिला मुख्यालय के बदलाव की मांग करते आ रहे हैं। मौजूदा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला परिवर्तन की मांग की घोषणा करने के बावजूद भी क्षेत्र के लोगों की मांग अभी तक अधर में लटकी हुई है। अब जैसे ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव का समय आया है उसके साथ ही जिला परिवर्तन की मांग ने जोर पकड़ लिया है इसी कड़ी में आगामी 5 अगस्त से तहसील परिसर में अनिश्चितकाल धरना शुरू करने की घोषणा की। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अनुसार जिला परिवर्तन घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों ने दिल खोलकर भाजपा का साथ दिया और लोहारू विधानसभा में पहली बार कमल खिलाने का काम किया था। लेकिन सरकार ने घोषणा करके जिला परिवर्तन की मांग को ठंडे बस्ते में डालकर क्षेत्र के लोगों की भावनाओं के साथ जो खिलवाड़ किया है उसका जवाब वो इस बार के चुनाव में जरूर देंगे और जब तक सिवानी उपमंडल के हिसार में शामिल नहीं किया जायेगा तबतक समिति का संघर्ष जारी रहेगा। वहीं कल उपमंडल के किसान भवन में जिला परिवर्तन संघर्ष समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संघर्ष समिति के संयोजक सुरेश बड़वा की अध्यक्षता में बिलू गुरेरा को उपप्रधान, सुरेंद्र गोल को सचिव,जगबीर ढांडा को सलाहकार,सुनील परिहार को कानूनी सलाहकार,धर्मपाल गोदारा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं राजेश चावला,अमित शर्मा,रामचंद्र मोरका,सतीश पंवार,विक्रम गैंडावास,साधुराम रूपाणा,कुलदीप बड़वा,सरवर सिंधु और प्रताप घंघाला को जिला परिवर्तन संघर्ष समिति में सदस्यों के तौर पर शामिल किया गया।

# सीआरपीएफ के हवलदार पंकज कुमार की हुई राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि



समाचार गेट/सुनील दीक्षित

**कनीना।** सीआरपीएफ में बतौर हवलदार कार्यरत पंकज कुमार का बुधवार को निधन हो गया। उनकी पूरे राजकीय सम्मान के साथ रामपुरी में अंत्येष्टि की गई। सीआरपीएफ की सैन्य टुकड़ी ने सशस्त्र सलामी दी वहीं हरियाणा पुलिस की ओर से पुष्पचक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। बव्वा निवासी मनीष तथा सीआरपीएफ के निरीक्षक रमेशचंद गुर्जर ने बताया की 43 वर्षीय एचसी पंकज कुमार को बुखार की शिकायत के चलते सप्ताहभर पूर्व सीआरपीएफ के कैंप अस्पताल में झाड़ोदा, दिल्ली में दाखिल करवाया गया था,जहां स्वास्थ्य लाभ नहीं मिलने के चलते उन्हें हायर सेंटर के लिए रैफर किया था। वेंकेटश्वर अस्पताल द्वारका, दिल्ली में उनका उपचार जारी था। इस दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि पंकज कुमार वर्ष 2001 में भर्ती हुए थे। उसके बाद उन्होंने जम्मू कश्मीर, झारखंड, छतीसगढ़, त्रिपुरा में सेवाएं दी। पंकज कुमार की मां शिक्षा विभाग में मुख्याध्यापक के पद पर कार्यरत थी जिनका दो वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार इस सदमे से अभी उबरा भी नहीं था कि पंकज कुमार गहरी नींद में सो गए। वे अपने पीछे एक बेटा व बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड गए। उनकी बेटी ने हाल ही में नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। एक महीने पहले छुट्टी पर आये पंकज कुमार ने बेटी पलक का दाखिला एमबीबीएस में करवाने का जिक्र कर रहे थे। लगता है उनके अरमान साथ ही चले गए। इस मौके पर श्रीराम यादव, खुबराम, सुरेंद्र कुमार, कप्तान रमेश यादव, राजीव कुमार, मा बिरेंद्र सिंह, मुकेश यादव रिवासा,दीपक कुमार, राजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, महावीर सिंह, ऋषिराज, मनीष बव्वा, पारस, लोकेश, नवीन सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

# कांवड़ियों के पैरों में चुभी रोड़ियां तो सफाई आयोग चेयरमैन ने लगाई झाड़ू



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** श्रावण मास का महीना चल रहा है। शिव भक्त गंगोत्री, यमुनोत्री, नीलकंठ व हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर पैदल नंगे पैर दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से राजस्थान, गुजरात व मुम्बई की ओर जा रहे हैं। कहने को राष्ट्रीय राजमार्ग है लेकिन कावड़ियों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे पड़ी रोडियां व कंकर इत्यादि से न केवल दुपहिया वाहन के फिसलने का खतरा बरकरार रहता है बलिक नंगे पैर पैदल कांवड़ियों के पैरों में चुभ भी रहे हैं। आज हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार जब रेवाड़ी से जयपुर की तरफ जा रहे थे तो उन्होंने बावल के पास नंगे पैर चल रहे कांवड़ियों का दर्द देखा तो उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रोक अपना जयपुर कार्यक्रम रद्द करते हुए सफाई कर्मचारियों को मौके पर बुलवाया व उनके साथ स्वयं भी सड़क को साफ किया। उन्होंने बावल के रूद्ध पुल पर व उसके आस-पास सफाई करवाई ताकि कावडियों के पैरों मे कोई रोड़ी व कंकर लगने के कारण घाव नही हो और कावड़ियों को भोले बाबा के गंगाजल को ले जाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना नही पड़े। चेयरमैन कृष्ण कुमार ने कहा की इस साफ सफाई की जिम्मेदारी पुरी तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाईवे अथॉरिटी की होती है लेकिन अधिकारी इस तरफ ध्यान नही देते है। उन्हें यात्रियों की सुविधाओं का ख्याल रखना चाहिए। हाईवे पर लगे हुए टोल टैक्स के माध्यम से इनके पास काफी टैक्स जमा होता है। जिसे वह राष्ट्रीय राजमार्ग के रख रखाव व देखभाल में प्रयोग कर सकते है। जो काम इन्हें करना था वो काम आज जिला के सफाई कर्मचारियों के द्वारा करवाया गया है। कांवड़ियों ने उन्हें भोले बाबा का आशीर्वाद भी दिया।

# डीआईटीएस कर्मचारियों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष डॉ वंदना पोपली को ज्ञापन सौंपा




समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** डीआईटीएस कर्मचारियों को पक्का करने और उनके सेवा नियम बनाने की मांग को लेकर हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ जिला रेवाड़ी की हड़ताल आज 17वे दिन भी जारी रही। यह हड़ताल प्रदेश स्तर पर लगातार जारी है। कम्प्यूटर ऑपरेटरों ने बुधवार को बीजेपी जिला अध्यक्ष वंदना पोपली को ज्ञापन सौंपा तथा अपनी मांगो को पूरा करवाने हेतु सिफारिश हरियाणा सरकार को भिजवाने बारे अनुरोध किया। इसी के साथ जिला रेवाड़ी मे पिछले आठ माह से वेतन नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। जिस पर वंदना पोपली ने आश्वासन दिया कि जल्द इस बारे डीसी रेवाड़ी से बात करके इसका समाधान करवा देंगे। जिला प्रधान दयाशंकर और उपप्रधान अजय कुमार ने बताया कि वे अपनी मांगो को लेकर 15 जुलाई से हड़ताल पर है लेकिन अभी तक सरकार उनकी मांगो को पूरा करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ रही है। वीरवार एक अगस्त को प्रदेशभर से सभी साथी एकत्रित होकर चंडीगढ़ सीएम आवास पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगो को पूरा करने का दबाव हरियाणा सरकार पर बनायेंगे।

# मनीष अरोड़ा बने रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन के प्रधान



समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेंन के सत्र 2024 -25 की प्रथम जनरल मीटिंग में रोटेरियन मनीष अरोड़ा ने क्लब के प्रधान का कार्यभार संभाला। ये वर्ष 2015 से क्लब के सदस्य हैं और वर्तमान में रियांश विंडो सॉल्यूशन के फाउंडर डायरेक्टर है। मनीष अरोड़ा पेशे से इंजीनियर है उन्होंने अपनी डिग्री कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से पूरी की है। उन्होंने अपनी मास्टर इन साइंस बिट्स पिलानी से और एम बी ऐ डिग्री सिंबोसिस यूनिवर्सिटी से की है। यह बचपन से ही बड़े संघर्षशी और जुझारू रहे हैं।10 वर्ष विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने के बाद उन्होंने मिशन मेक इन इंडिया से प्रेरित होकर अपनी खुद की कंपनी स्थापित की है। उनकी जीवन सँगिनी आरती अरोड़ा भी रोटरी क्लब की सदस्य हैं और वर्तमान में हरियाणा शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं।मनीष अरोड़ा रोटरी क्लब के अलावा अन्य सामाजिक कल्याण से जुड़ी संस्थानों से जुड़े हुए हैं।इनका ड्रीम प्रोजेक्ट रोटरी रसोई रहा है। इसके अलावा यह पर्यावरण संरक्षण, ब्लड डोनेशन कैंप व रोटरी के विभिन्न फोकस एरिया के क्षेत्र में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पौधा लगाने से अधिक परवरिश करना महत्वपूर्ण होता है : आशा देवी



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** आशा देवी इंटरनेशनल स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि आशा देवी इंटरनेशनल स्कूल संरक्षिका आशा देवी रही और पौधारोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य विनोद कुमार पुनिया ने की। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रहरी एवं राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक प्रधान संजय बुशान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए नेशनल स्कूल संरक्षिका आशा देवी ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। और उसकी देखभाल का उत्तरदायित्व भी प्रत्येक विद्यार्थी ले। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा राजगढ़ खंड को हजारों पौधा रोपण का लक्ष्य लिया गया है। हम खंड में इससे अधिक पौधे लगाकर के पर्यावरण को हरा-भरा बनाएंगे। हमारा प्रयास रहेगा कि खण्ड के प्रत्येक विद्यार्थी तक एक पौधा वन विभाग की तरफ से अवश्य पहुंचे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भी अपने जन्मदिन,वर्षगांठ, सेवानिवृति आदि पारिवारिक आयोजन में भी वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए प्रसिद्ध पर्यावरण प्रहरी आरपीएसएस प्रधान संजय बुशान ने कहा कि पौधा लगाना ही काफी नहीं है,उसकी परवरिश का जिम्मा लेना भी आवश्यक है। इसलिए जो भी पौधा रोपण किया जाए, उसकी संपूर्ण देखभाल विद्यार्थी द्वारा की जानी चाहिए। कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए प्राचार्य विनोद कुमार पुनिया ने बताया कि हमने इस मौसम में स्कूल प्रांगण500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और यह लक्ष्य हम पौधे प्राप्त होते ही पूरा कर लेंगे। उन्होंने बताया पौधारोपण समारोह के तत्वाधान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं जिसमें स्थानीय ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण, स्थानीय समाज से विद्यार्थियों का परिचय,विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के ऊपर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता,निबंध लेखन और स्लोगन लेखन जैसी गतिविधियां करवाई जा रही है। इस अवसर पर राहुल शर्मा ,राखी देवी, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## नितिन सिधनवा ने लोहारू से कांग्रेस टिकट के लिए आवेदन दाखिल किया



समाचार गेट/सोनिका सूरा

**सिवानी।** युवा कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सिधनवा ने बुधवार को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय चंडीगढ़ में पहुंचकर टिकट के लिए आवेदन पत्र दाखिल किया । युवा कांग्रेस नेता नितिन सिधनवा दीपेंद्र सिंह हुड्डा करीबी माने जाते है । नितिन सिधनवा के टिकट के लिए आवेदन करते ही हल्के में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है क्या कांग्रेस इस नए युवा चेहरे पर दांव खेलेगी इस दौरान कांग्रेस नेता नितिन सिधनवा ने कहा यह आवेदन टिकट का नहीं लोहारू विधानसभा के अगले 5 वर्षों के विकास को गति प्रदान करने , युवाओं को रोजगार देने के लिए , लोहारू के हर मतदाता को उसके मत सही हक दिलाने के आवेदन किया है ये लड़ाई मेरी नहीं लोहारू के हर मतदाता की लड़ाई है इसलिए चौधरी भुपेंद्र हुड्डा , सांसद दीपेंद्र हुड्डा के आशीर्वाद से कांग्रेस की टिकट लेकर आएंगे और लोहारू को उसका पुरा हक दिलाएंगे । लोहारू विधानसभा क्षेत्र में नितिन सिधनवा के स्वर्गीय चाचा ओमवीर बांगड़वा भी 1995 में जब चौधरी भुपेंद्र हुड्डा हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष थे उस समय से चौधरी भुपेंद्र हुड्डा और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता रहे है इसलिए लोहारू विधानसभा क्षेत्र में पुराने मेहनती कांग्रेसी कार्यकर्ता होने और युवा कोटे से कांग्रेस की टिकट के प्रबल दावेदार माने जा रहे है दुसरी तरफ नितिन सिधनवा को पार्टी उम्मीदवार घोषित करती है एक सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले युवा को टिकट मिलती है तो धनबल के दम पर पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर बगावत करने वाले लोगों की उम्मीदों पर भी पानी फिरेगा क्योंकि इस स्थिति में कोई भी व्यक्ति पार्टी से बगावत करके जनता के बीच लोगों का रूझान नहीं हासिल कर पाऐगा अब देखने वाली बात यह होगी की क्या हरियाणा विधानसभा में हरियाणा और देश के सबसे युवा विधायक को चौधरी भुपेंद्र हुड्डा अपनी शतरंज रणनीति से अपने साथ हरियाणा विधानसभा में पहुंचा पाएंगे।

## भक्तों ने एकादशी के उपलक्ष में बागेश्वर धाम बागोत में अर्पित की हजारों कांवड़

समाचार गेट/सुनील दीक्षित



**कनीना।** बुधवार को एकादशी के मौके पर बागेश्वर धाम भागवत में शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार व गोमुख से लाई गई हजारों कावंड शिवलिंग पर अर्पित की। मेले में प्रदेष के पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने सपरिवार बागेश्वर धाम,बाघोत पहुंच कर शिवलिंग पर गंगा जल अर्पित कर भोले बाबा का आशिर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। उनके साथ चेयरमैन सुमेर सिंह थे जो हरिद्वार से 44वी कांवड़ लेकर पंहुचे हैं। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा धार्मिक मान्यताओं में से एक है, कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। दूसरी ओर हरिद्वार से पैदल चलकर कांवड लेकर आए अखबारी नामानिगारों विजय कुमार शर्मा,दलीप सिंह,राजीव यादव ने भी बाघेश्वार धाम पंहुचकर प्राकुतिक शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ड्युटी मैजिस्ट्रेट व पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए विश्राम, भोजन, चिकित्सा आदि सेवाओं के लिए उचित व्यवस्था की हुई है। इस मौके पर पूनम चंद शर्मा, सूबेदार मोती कुमार लाटा,एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, मा विनोद भारद्वाज,संजय एमआर, मौरू सिंह,सत्यवीर सिंह,राकेष कुमार,जोनी सोनी,नम्बरदार सुनील कुमार, हर्ष,रवत रमन,बिजेंद्र यादव, दीपांशु, चंदकुमार, अमित, बिमला देवी,बबली, भारती,रामगिरी,आरती,रजनी,प्रीती उपस्थित थे।

# अडाणी ग्रुप की एनर्जी सॉल्यूशंस ने जुटाए 8300 करोड़, मिल रहा बंपर रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।**

अडाणी ग्रुप ने बाजार से करीब एक अरब डॉलर यानी करीब 8373 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह रुपया अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए शेयर बेचकर जुटाए हैं। अडाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद पहली बार सार्वजनिक इक्विटी के जरिये बाजार से फंडिंग की है।

इस रिपोर्ट ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों की नेटवर्थ को जबरदस्त नुकसान हुआ था। अडाणी एनर्जी का क्यूआईपी मंगलवार को खोला गया था। यह इश्यू तीन गुना सब्सक्राइब हुआ यानी करीब 26 हजार करोड़ रुपए की मांग आई। यह भारत के एनर्जी सेक्टर का सबसे बड़ा ट्रांजेक्शन बन गया है। इस इश्यू का प्राइस 976 रुपए प्रति शेयर रखा था। हालांकि, यह 1,135 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। क्यूआईपी का रास्ता वह लिस्टेड कंपनियां अपनाती हैं, जो बड़े संस्थानों से रुपया जुटाना चाहती हैं। अडाणी एनर्जी के क्यूआईपी के सफल होने के साथ अब अडाणी इंटरप्राइजेज भी करीब 600 करोड़ रुपए बाजार से जुटाने के लिए जुट गई है। यह सफल क्यूआईपी दिखा रहा है कि अडाणी ग्रुप में निवेशकों का भरोसा मजबूत हो रहा है। अडाणी विल्मर इस पैसे का इस्तेमाल खाद्य तेल और सोलर पावर क्षमता बढ़ाने में करेगी। क्यूआईपी अत्यधिक कागजी कार्यवाही के बगैर की गई शेयर बिक्री है। इसमें भी किसी आईपीओ की तरह ही शेयर जारी किए जाते हैं लेकिन इसे हर कोई नहीं खरीद सकता। क्यूआईपी को केवल क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) ही खरीद सकते हैं। ये वे निवेशक होते हैं जिन्हें भारत में सेबी से मान्यता मिली हुई है। ये बाजार के विशेषज्ञ निवेशक होते हैं और बाजार में इनका अहम योगदान होता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि कंपनी को इसके लिए आईपीओ या एफपीओ की तरह सेबी के पास पेपर फाइल नहीं करने होते हैं। इसमें कागजी कार्यवाही बहुत कम होती है। क्यूआईबी खुद अच्छे इन्वेस्टर्स होते हैं इसलिए कंपनी क्यूआईपी संबंधी सभी दस्तावेज सीधे उन्हीं से साझा कर देती है।

## अच्छी शुरुआत के बाद ग्रेटर नोएडा में वीवो नए प्लांट में जल्द शुरु करेगी उत्पादन

**नई दिल्ली।** चीन की स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी वीवो ने इस साल अच्छी शुरुआत के बाद भारत में व्यापार करने पर भरोसा जताया है। कंपनी ग्रेटर नोएडा में अपने नए प्लांट में जल्द उत्पादन शुरू करेगी। नया प्लांट करीब 169 एकड़ में फैला है और वर्तमान में इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 60 मिलियन यूनिट है। वीवो ने मंगलवार को लॉन्च की अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023 में कहा कि पूरी तरह से चालू होने पर इस क्षमता को दोगुना कर 120 मिलियन यूनिट किया जाएगा।

वीवो कंपनी ने यह नहीं बताया कि वह कब तक प्लांट की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है। इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (आईडीसी) के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2024 की पहली तिमाही में वीवो 16.2 फीसदी बाजार हिस्सेदारी के साथ सैमसंग को पीछे छोड़ते हुए भारत में सबसे बड़ी स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी बन गई है। वीवो की भारत में दोहरी रणनीति है। एक तरफ वह देश में ही ज्यादा से ज्यादा फोन बना रही है वहीं और दूसरी तरफ भारतीयों की पसंद के हिसाब से फोन डिजाइन, कैमरा फीचर और दूसरे फीचर इसमें जोड़ रही है। कंपनी के सीईओ जेरोम चेन ने कहा कि हमने डिजाइन फॉर इंडिया की पहल के तहत ऐसे फोन डिजाइन किए हैं जो भारतीय ग्राहकों की पसंद के मुताबिक हों। ग्रेटर नोएडा में हमारा प्लांट अब तक 150 मिलियन से ज्यादा स्मार्टफोन बना चुका है।

ये सब कुछ वीवो के पिछले साल घोषित किए गए करीब 7500 करोड़ रुपए के निवेश का हिस्सा है। कंपनी ने भारत में कुल मिलाकर करीब 3500 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जो ज्यादातर मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने में लगाया है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी पूरी तरह से चालू होने पर हमारी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को दोगुना करने का विकल्प देगी, साथ ही आत्मनिर्भर भारत के प्रति हमारी कमिटमेंट को मजबूत करेगी। कंपनी का कहना है कि 2023 में भारत में भेजे गए 99 फीसदी से ज्यादा वीवो स्मार्टफोन यहीं बने थे।

वीवो ने हाल ही में ग्रेटर नोएडा में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को खाली कर दिया है।

## चीनी निवेश पर सरकार के रुख में बदलाव नहीं, इकानॉमिक सर्वे एक स्वतंत्र रिपोर्ट: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चीन के निवेश को अनुमति देने के संबंध में केंद्र सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं है और आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त विचार सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। लोकसभा में मंगलवार को पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार चीनी निवेश की जांच करती है और इस संबंध में उसका रुख नहीं बदला है। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया था कि भारत चीन पर निर्भर हो गया है। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि इसमें पड़ोसी देश से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने का समर्थन किया गया है। गोयल ने इस सवाल पर कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के तहत भारत पड़ोसी देशों पर निर्भर हो गया था। उनका कहना था कि कांग्रेस के तहत, आयात चार अरब डॉलर से बढ़कर 40-45 अरब डॉलर हो गया, जो कि दस गुना से ज्यादा है। हमारे समय में वृद्धि केवल 2-2.5 गुना है। हमने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। गोयल ने कहा कि मैं संप्रग पर सीधा आरोप लगा रहा हूं। उनका नाम बदल गया है, यह अब 'इंडी' गठबंधन है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हमें नहीं पता कि चीन के साथ वह एमओयू क्या था। संप्रग के तहत व्यापार घाटा 30 गुना बढ़ गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले राजग ने चीन और उसके निवेश को भी नियंत्रित कर लिया है। आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि जहां तक मुख्य आर्थिक सलाहकार का सवाल है, वह एक स्वतंत्र, स्वायत्त रिपोर्ट लाते हैं। यह उनकी सोच है, भारत सरकार ने फिलहाल अपना रुख नहीं बदला है। उनके मुताबिक चीन से जो निवेश आता है, उसकी जांच की जाती है, जहां हमें उचित नहीं लगता, वहां रोक दिया जाता है। हमारी नीति वही रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एक सलाह दी है। बजट से पहले आए आर्थिक सर्वेक्षण में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का फायदा उठाने के मकसद से बीजिंग से एफडीआई की जरूरत पर जोर दिया गया था। सर्वेक्षण में कहा गया था कि चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तत्काल ''सोर्सिंग'' चीन से दूर कर रहे हैं, इसलिए यह अधिक प्रभावी होगा कि चीनी कंपनियां भारत में निवेश करें और पड़ोसी देश से आयात करने के बजाय इन बाजारों में उत्पादों का निर्यात करें।

## छत्रपति संभाजी नगर में ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाएगी टोयोटा

### 20,000 करोड़ के निवेश से 20 हजार लोगों को रोजगार

**मुंबई ।**

जापान की दिग्गज कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीएमके) ने बताया कि वह महाराष्ट्र में करीब 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक नया मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। टीएमके ने बयान में कहा, कंपनी ने छत्रपति संभाजी नगर में एक ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की स्थापना की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। टोयोटा ने बताया कि उसकी पहले से ही दो मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बेंगलुरु के पास बिदादी में स्थित हैं। कर्नाटक में, अपने ग्रुप की कंपनियों सहित वाहन निर्माता ने 16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया है और पूरी मूल्य श्रृंखला में करीब 86,000 नौकरियां पैदा की हैं। टोयोटा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मासाकाजु योशिमुरा ने कहा, बुधवार को एमओयू हस्ताक्षर महत्वपूर्ण बिंदु है। एक बार अंतिम रूप देने के बाद प्लांट के लिए प्रस्तावित निवेश को विभिन्न वर्षों में अलग-अलग चरणों में करने की उम्मीद है, जो संभावित रूप से क्षेत्र में पर्याप्त रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में योगदान देगा। हालांकि टोयोटा ने यह नहीं बताया कि वह महाराष्ट्र में स्थापित होने वाले ग्रीनफील्ड मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के लिए कितना निवेश करेगी। लेकिन महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्लांट के लिए 20,000 करोड़ रुपये के निवेश का आंकड़ा सोशल मीडिया पर शेयर किया। उपमुख्यमंत्री फडणवीस ने लिखा, छत्रपति संभाजी नगर में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कंपनी द्वारा 20,000 करोड़ का निवेश ऑटोमोबाइल क्षेत्र में महाराष्ट्र को एक कदम आगे लेकर जाएगा। इस निवेश के साथ 8,000 प्रत्यक्ष और 12,000 अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। इस ऐतिहासिक करार के लिए मराठवाड़ा को बधाई! वहीं टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की उपाध्यक्ष मानसी टाटा ने कहा, हमारे बिदादी प्लांट की पिछले 25 सालों की परिचालन उत्कृष्टता ने भारत में टोयोटा की भविष्य की दिशा की नींव तैयार की है। मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया पर हमारा रणनीतिक फोकस हमें अपने ग्राहकों को स्वच्छ हरित गतिशीलता समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। टोयोटा की वर्तमान में बिदादी स्थित दो यूनिटों में 3.42 लाख वाहनों की स्थापित उत्पादन क्षमता है।

### गडकरी की अपील........

# जीवन बीमा कंपनियों के शेयरों में आया उछाल

**मुंबई ।**

बुधवार को शेयर बाजार में जीवन बीमा कंपनियों के शेयरों में तेजी देखी गई। इसकी वजह सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी है। दरअसल केंद्रीय मंत्री गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को हटाने का अनुरोध किया। विश्लेषकों ने प्रस्ताव की सराहना की है और संबंधित शेयरों के लिए एक पॉजिटिव संकेत माना है। बाजार जानकारों का कहना है कि खबर के आधार पर अभी निवेश का फैसला लेना जल्दबाजी होगी। यह अभी सिर्फ एक प्रस्ताव है और अंतिम निर्णय जीएसटी कांउसिल के हाथ में है।

जानकार का मानना है कि अगर यह प्रस्ताव मान लिया जाता है, तब प्रीमियम पर जीएसटी दरें पूरी तरह से हटने के बजाय कम हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर पूरी तरह हटाया गया तब दूसरे क्षेत्रों से भी ऐसी ही मांगें आ सकती हैं। 28 जुलाई को लिखे एक पत्र में, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर लगने वाला जीएसटी इस व्यवसाय के विकास में बाधा बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह व्यवसाय समाज के लिए जरूरी है। गडकरी ने कहा कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने जैसा है। उनका मानना है कि जो व्यक्ति अपने परिवार की सुरक्षा के लिए जीवन की अनिश्चितताओं को लेकर बीमा करवाता है, उस पर इस जोखिम से बचाव के लिए खरीदे गए कवर के प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए। इस खबर के बाद शेयर बाजार में, एचडीएफसी लाइफ के शेयर की कीमत में 3.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 719 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। एसबीआई लाइफ के शेयर में 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,760 रुपये पर पहुंचा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ के शेयर में 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 739 रुपये और लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के शेयर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,193 रुपये की कीमत दर्ज की गई।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज का मध्यप्रदेश में प्रवेश, इंदौर में 46 एकड़ जमीन खरीदी

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने इंदौर में 46 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमि पर विकास कार्य में मुख्य रूप से 'प्लॉटिड' आवासीय इकाइयां शामिल की जाएंगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि इस अधिग्रहण के साथ कंपनी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि आवासीय 'प्लॉटिड' विकास ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण गति पकड़ी है। इंदौर-उज्जैन रोड इस क्षेत्र में हमारी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए एक आशाजनक बाजार है। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु बाजारों में इसकी अच्छी खासी मौजूदगी है।







## मारुति सुजूकी का नेट मुनाफा जून तिमाही में 47 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई ।** भारत की सबसे बड़ी कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजूकी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के रिजल्ट्स जारी किए हैं। कंपनी ने बताया कि उसका नेट मुनाफा जून तिमाही में 46.9 प्रतिशत बढ़कर 3,649.9 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। जबकि, एक साल पूर्व समान अवधि में कंपनी ने 2485.1 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। मारुति सुजूकी ने बताया कि उसके शानदार मुनाफा इसलिए देखने को मिला क्योंकि लागत में कटौती के प्रयास किए गए, कमोडिटी (जिंस) की अनुकूल कीमतें और विदेशी मुद्रा विनिमय में लाभ देखने को मिला। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि जून तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 33,875 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 30,845 करोड़ रुपये थी। जून तिमाही में कंपनी के वाहनों की बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़कर 5,21,868 यूनिट हो गई। पहली तिमाही में कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री 3.8 प्रतिशत बढ़कर 4,51,308 इकाई रही। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 70,560 यूनिट रहा।

## खाते में मिनिमम बैलेंस न होने पर बैंकों ने ग्राहकों से वसूले 2,331 करोड़

**नई दिल्ली।** बैंकों ने लोगों से खाते में मिनिमम बैलेंस न होने पर करोड़ों रुप, वसूले हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को छोड़कर 11 सरकारी बैंकों ने पिछले साल खाताधारकों से 2,331 करोड़ रुपए वसूले। यह पैसे उन लोगों से लिए गया है जिनके खाते में तय रकम से कम पैसे थे। पिछले तीन सालों में इन बैंकों ने इसी वजह से कुल 5614 करोड़ रुपए वसूले हैं। एसबीआई ने हालांकि साल 2020 से ही ये चार्ज लेना बंद कर दिया है। सरकारी बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक ने सबसे ज्यादा 633.4 करोड़ रुपए वसूले। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 386.51 करोड़ रुपए और इंडियन बैंक ने 369.16 करोड़ रुपए लोगों से वसूले हैं। प्राइवेट बैंकों भी इस तरह के जुर्माने लगाते हैं, लेकिन उनकी रकम सरकारी बैंकों से ज्यादा होती है। हालांकि, सरकार ने कुछ बेसिक बचत बैंक खातों (बीएसबीडीए) के लिए ये नियम नहीं बनाए हैं। इन खातों में बिना किसी पैसे के भी खाता खुलवाया जा सकता है और आप जितना चाहें उतना पैसा जमा कर सकते हैं। महीने में चार बार आप पैसे निकाल सकते हैं लेकिन बाकी खातों के लिए बैंक अपने नियम बना सकते हैं और ग्राहकों से अलग-अलग तरह की सेवाओं के पैसे ले सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने साल 2014 और 2015 में कुछ नियम बनाए थे जिनके मुताबिक बैंक अपने ग्राहकों से खाते में कम पैसे रखने पर जुर्माना ले सकते हैं लेकिन ये जुर्माना तय नियमों के हिसाब से ही होना चाहिए। बैंक अपने ग्राहकों को खाता खोलते समय बताते हैं कि उनके खाते में कम से कम कितने पैसे होने चाहिए। अगर बाद में ये नियम बदलते हैं तो भी बैंक ग्राहकों को इसकी जानकारी देते हैं। अगर किसी के खाते में कम पैसे होते हैं तो बैंक उन्हें पहले ही बता देते हैं। अगर ग्राहक एक महीने के अंदर अपने खाते में पैसे नहीं जमा करते हैं तो बैंक उनसे जुर्माना ले सकते हैं लेकिन बैंक ये भी तय करते हैं कि जुर्माने की वजह से किसी के खाते में पैसों का घाटा न हो।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

### सेंसेक्स 285 , निफ्टी 93 अंक उपर आया

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही धातु, बिजली और वाहन शेयरों में खरीदारी से आया है। इसी कारण आज दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 285.94 अंक करीब 0.35 फीसदी बढ़कर 81,741.34 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 93.85 अंक तकरीबन 0.38 फीसदी ऊपर आकर 24,951.15 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ।




आज के कारोबार में सेंसेक्स के 20 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, मारुति, एनटीपीसी और अदाणी पोर्ट्स सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, भारती एयरटेल, आईटीसी, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, कोटक बैंक, टीसीएस, टाटा स्टील, एलएंडटी, एचसीएल टेक, एचयूएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक के शेयर ऊपर आये। दूसरी ओर 10 शेयर नीचे आये हैं। इसमें रिलायंस, टाटा मोटर्स, इंफोसिस, एमएंडएमऔर बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। इसके अलावा, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाइटन, इंडसइंड बैंक और एसबीआई के शेयर भी नीचे आये। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक गत दिवस पूंजी बाजार में शुद्ध विक्रेता रहे, और उन्होंने 5,598.64 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। इसके बाद भी गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था।

आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। बाजार में ये उछाल दुनियाभर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी होने से आया है। आज सुबह बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी तेजी के साथ खुले। निफ्टी के सभी सेक्टर इंडेक्स में बढ़त रही है और मिडकैप व स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी दर्ज की गयी। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 1.39 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया है, जिससे निवेशकों की कुल आय में भी इसी मात्रा में बढ़त रही।

## 1.45 रुपये के शेयर ने निवेशकों को बनाया करोड़पति....जाने कैसे

**मुंबई ।** शेयर बाजार में कब कौन सा शेयर निवेशक को मालामाल कर दे, कुछ नहीं कह सकते है। ऐसा कमाल बहुत से पेनी स्टॉक्स ने किया है। हालांकि, इन स्टॉक्स में पैसा डूबने का जोखिम ज्यादा होता है, फिर भी बहुत से लोग इसमें खूब पैसा लगाते हैं। निवेशकों को मालामाल करने वाला ऐसा ही मल्टीबैगर पेनी स्टॉक है हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स शेयर। इस शेयर में पैसा लगाने वाले केवल पांच साल में ही करोड़पति बन गए हैं। पांच साल पहले यानी अगस्त 2019 में इस शेयर की कीमत महज 1.45 रुपये थी। 30 जुलाई को यह शेयर बीएसई पर 4.99 फीसदी की तेजी के साथ 424.10 रुपये पर बंद हुआ है। सरकार ने बीते कुछ सालों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर काफी फोकस किया है और इसका असर इस सेक्टर से जुड़ी कंपनियों पर भी देखने को मिला है। इस सेक्टर में आई ग्रोथ से कंपनियों के शेयर भी खूब चमके हैं। पांच साल में इस मल्टीबैगर पैनी स्टॉक ने 29148 फीसदी रिटर्न दिया है। एक महीने में इस पेनी स्टॉक की कीमत में 24 फीसदी का उछाल आया है, साल 2024 में यह शेयर अब तक 23 फीसदी की बढ़त ले चुका है। हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स शेयर में अगर किसी निवेशक ने पांच साल पहले एक लाख रुपये लगाए थे, तब वहां आज करोड़पति बन चुका है। एक साल पहले इस शेयर की कीमत 1.45 रुपये थी और 424 रुपये हो चुकी है।

## बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मार्केट कैप 5.5 ट्रिलियन डॉलर के पार

### -भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा शेयर मार्केट

**मुंबई।**

शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है। लार्जकैप से लेकर छोटे शेयर में भी खरीदारी जारी है। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का कुल मार्केट कैप 462 लाख करोड़ रुपए यानी 5.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इससे पहले 24 मई, 2024 को भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण पांच ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया था। शेयर बाजार का पहली बार बाजार पूंजीकरण 28 मई, 2007 को एक ट्रिलियन डॉलर पार किया था। वहीं, अगले दस सालों बाद 10 जुलाई, 2017 को यह दो ट्रिलियन डॉलर और अगले चार सालों बाद 24 मई, 2021 को तीन ट्रिलियन डॉलर और फिर अगले दो सालों से ज्यादा समय के बाद को 30 नवंबर, 2023 को चार ट्रिलियन और अगले छह महीने में 24 मई, 2024 को पांच ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। दुनिया के शीर्ष पांच शेयर बाजारों में बाजार पूंजीकरण में 2024 की शुरुआत से अब तक 25 फीसदी से ज्यादा रिटर्न के साथ भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा है। जबकि अमेरिकी शेयर बाजार ने 13.50 फीसदी, हांगकांग ने 4.15 फीसदी, जापान ने 4.02 फीसदी और चीन ने माइनस 13.61 फीसदी का रिटर्न दिया है। मौजूदा समय में अमेरिका 57.28 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार है। दूसरे नंबर पर 8.24 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन, 6.49 ट्रिलियन डॉलर के साथ जापान और 5.51 ट्रिलियन डॉलर की मार्केट कैप के साथ भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। पांचवें स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार आता है, जिसका मार्केट कैप 4.92 ट्रिलियन डॉलर है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी का कारण अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। 2023-24 में जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी और आम बजट 2024-25 से पहले पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी सात फीसदी की दर से बढ़ सकती है।




## ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने निवेशकों को क्यों किया सावधान

**नई दिल्ली ।** ब्रोकरेज हाउस और जानकारों की राय पर आंख बंदकर शेयरों व आईपीओ में पैसा लगाने वाले लोगों के लिए आंखें खोलने वाली खबर आई है। दिग्गज ब्रोकरेज फर्म व जानकारों के नाम पर कुछ ठग निवेशकों को चूना लगा रहे हैं। इन नक्कालों ने इंटरनेशन ब्रोकरेज फर्म यूबीएस को भी नहीं छोड़ा। इसके बाद यूबीएस सिक्योरिटीज ने इस बारे में निवेशकों को आगाह किया है। यूबीएस ने कहा, हमें पता चला है कि कुछ अज्ञात और गैर अधिकृत लोग, हमारे ब्रांड, लोगों और कर्मचारियों का नाम व तस्वीर लगाकर फर्जी तरीके से काम कर रहे हैं। यूबीएस ने कहा कि ये नकाल लोग शेयरों व आईपीओ में कम समय में हाई रिटर्न देने का वादा करके निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया, एक लिस्टेड संस्था है और ट्रेडिंग से जुड़े इसतरह के काम नहीं करती है। ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि वह सिर्फ संस्थागत निवेशकों के लिए ट्रेड करती है। यूबीएस ने निवेशकों को सतर्क कर कहा कि उसके नाम से आने वाले मैसेज और कॉल को लेकर सावधान रहें। अगर कोई व्यक्ति इन फर्जी कॉल और स्टॉक टिप्स का शिकार होता है, तब ब्रोकरेज फर्म उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ब्रोकरेज हाउस ने कहा कि अगर आपके ध्यान में इस तरह की गतिविधि आती है, तब तुरंत पुलिस और साइबर सेल को सूचित करें।

## एलटीसीजी कर से सरकार के खजाने में आए 98,681 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली ।**

मोदी सरकार ने राज्यसभा को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में सूचीबद्ध इक्विटी पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से 98,681 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो बीते वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर से संग्रह का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड की इकाइयों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ अप्रैल 2018 से लाया गया था। इस तरह के लाभ पर 10 प्रतिशत कर लगाया गया था, जिसमें सालाना एक लाख रुपये तक के लाभ को छूट दी गई थी। उन्होंने बताया कि 2022-23 में एलटीसीजी से 98,681.34 करोड़ रुपये एकत्र किए गए, जो वित्त वर्ष 2021-22 में एकत्र 86,075.49 करोड़ रुपये से 15 प्रतिशत अधिक है। 2020-21 में यह संग्रह लगभग 38,589 करोड़ रुपये, 2019-20 में 26,008 करोड़ रुपये और 2018-19 में 29,220 करोड़ रुपये था।



# टॉक्सिक से जुड़ने की खबरों का तारा ने खंडन किया

साउथ सुपरस्टार यश इन दिनों अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक- ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं, जो फिल्म की कहानी और उनके कलाकार से जुड़ी हुई हैं। फिल्म की कास्ट अब तक पूरी तरह से तय नहीं हुई है, ऐसे में फिल्म में शामिल हो रहे कलाकारों के बारे में जानकारियां फैंस का उत्साह बढ़ा रही हैं। जब से इस फिल्म की घोषणा हुई है, तब से कई अभिनेत्रियों का नाम इस फिल्म से जुड़ चुका है। हाल ही में तारा सुतारिया की फिल्म में शामिल होने की खबर तेजी से फैल रही थी, अब इस पर अभिनेत्री ने चुप्पी तोड़ी है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि तारा सुतारिया फिल्म टॉक्सिक में यश की दूसरी प्रेमिका के किरदार में नजर आएगी। वहीं अब इस किरदार को निभाने की अफवाह के बीच तारा ने क्रिप्टिक नोट साझा किया है। इस चर्चा पर प्रतिक्रिया देते हुए तारा ने इंस्टाग्राम पर एक गुप्त नोट लिखा। नोट में उन्होंने लिखा कि पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और उनके बारे में प्रकाशित सभी लेख सच नहीं हैं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तारा ने लिखा, सभी को नमस्कार, पिछले कुछ दिनों में एक प्रोजेक्ट और मेरे बारे में जो लेख जारी किए गए हैं, वे झूठे हैं और मैंने उन्हें साझा नहीं किया है। अभिनेत्री ने कहा, जब भी साझा करने के लिए कुछ होगा, मैं इसे आप सभी के साथ साझा करूंगी। मेरा प्यार हमेशा। कोई भी किसी से पीछे नहीं है। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्म के नाम का खुलासा नहीं किया। दरअसल, वायरल खबरों में कहा गया था कि टॉक्सिक में तारा, यश की दो प्रेमिकाओं में से एक के रूप में नजर आएंगी, दूसरी प्रेमिका कियारा आडवाणी होंगी। हालांकि, अब तारा ने इन अफवाहों का खंडन किया है। वहीं कथित तौर पर बहुभाषी और बड़े बजट की इस फिल्म में नयनतारा भी यश की बहन की भूमिका में होंगी और हुमा कुरैशी नकारात्मक किरदार में होंगी। ड्रग माफिया की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में यश एक गैंगस्टर की भूमिका में होंगे।





# तमन्ना से लेकर नोरा फतेही ने फिल्मों में किया है आइटम सॉन्ग पर डांस चार्ज करती हैं करोड़ों

बॉलीवुड फिल्मों में एक्शन, थ्रिलर, हॉरर और सस्पेंस भरपूर होता है, लेकिन अगर फिल्म में एक आइटम सॉन्ग हो तो वह उस फिल्म की पॉपुलैरिटी बढ़ा देता है। इसके साथ ही उस फिल्म का क्रेज लोगों के बीच कुछ ज्यादा ही बढ़ जाता है। आइए आज आपको बताते हैं कि बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों के बारे में जिन्होंने अपने हॉट डांस मूव्स से आइटम नंबर को पॉपुलर बनाया, लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये अभिनेत्रियां एक आइटम सॉन्ग पर डांस करने के लिए कितनी मोटी रकम वसूल करती हैं अगर नहीं तो जानिए इस रिपोर्ट में। तमन्ना भाटिया इन दिनों आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में तमन्ना ने आज की रात नाम का एक आइटम सॉन्ग किया है, जिसमें उन्होंने अपने जबर्दस्त डांस मूव्स से सोशल मीडिया में आग लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तमन्ना एक आइटम सॉन्ग के लिए एक करोड़ रुपए वसूल करती हैं। सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही डीके द्वारा निर्देशित आगामी पीरियड फैंटेसी थ्रिलर रक्त ब्रह्मांड का हिस्सा बनने वाले हैं। इस सीरीज में अली फजल के साथ सामंथा रुथ प्रभु भी नजर आएगी। पहली बार अली फजल, सामंथा के साथ काम करेंगे। ये तो हो गई वर्कफ्रंट की बात। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सामंथा ने पुष्पा के गाने ऊ अंटावा के लिए पांच करोड़ रुपये चार्ज किए थे।

नोरा फतेही अभिनय से ज्यादा अपने डांस मूव्स के लिए ज्यादा प्रसिद्ध हैं। नोरा ने एक नहीं बल्कि कई फिल्मों में आइटम सॉन्ग किए हैं। उनका दिलबर सॉन्ग लोगों के बीच काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में नोरा की जमकर तारीफ हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नोरा एक गाने पर डांस करने के लिए पूरे 2 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। सनी लियोनी ने इंडस्ट्री को कई पॉपुलर आइटम नंबर दिए हैं, जिनमें बेबी डॉल, देसी लुक और लैला मैं लैला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जब सनी ने फिल्मों में आइटम नंबर करना शुरू किया था तब वह एक गाने के महज 25 लाख रुपये चार्ज करती थीं, लेकिन अब उन्होंने अपनी फीस बढ़ा दी है और अब सनी एक आइटम नंबर को करने के लिए दो करोड़ रुपये चार्च करती हैं।



# कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया

टेलीविजन इंडस्ट्री में लंबे समय के बाद वापसी करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कहा कि भले ही वह कुछ समय से टेलीविजन से दूर थीं, लेकिन उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। बरखा ने कहा कि टेलीविजन मेरे लिए हमेशा से ही घर जैसा रहा है। यह एक ऐसी जगह है जहां मैं सही मायनों में अपने दर्शकों से सही से जुड़ सकती हूं। साथ ही अपने किरदारों को जीवंत कर सकती हूं। भले ही मैं कुछ समय टेलीविजन से दूर रही हूं, लेकिन मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैंने टेलीविजन छोड़ दिया है। वर्तमान में एक्ट्रेस पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अभिनय कर रही हैं, जिसमें वह मीठी माई की भूमिका निभा रही हैं। पारिवारिक ड्रामा मेरा बालम थानेदार में अपनी भूमिका के बारे में बरखा ने बताया, मीठी माई का किरदार निभाना एक बहुत ही संतोषजनक और समृद्ध अनुभव रहा है। अपने इस किरदार के प्रति मेरा एक खास दृष्टिकोण है। यह यात्रा प्यार, चुनौतियों और अविश्वसनीय क्षणों से भरी हुई है, जिन्हें मैं हमेशा संजो कर रखूंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि उनका किरदार बुलबुल और वीर (श्रुति चौधरी और शगुन पांडे द्वारा अभिनीत) के जीवन में कई उतार-चढ़ाव लाएगा। उन्होंने आगे बताया, मुझे लगता है कि ये उतार-चढ़ाव दर्शकों को शो से जोड़े रखते हैं। इस भूमिका ने मुझे न केवल अपने अभिनय के नए पहलुओं को तलाशने का मौका दिया है, बल्कि दर्शकों के दिलों में जगह बनाने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि वह अपने दर्शकों के अटूट समर्थन और स्नेह के लिए बेहद आभारी हैं, जो उन्हें हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं। शो मेरा बालम थानेदार कलर्स पर प्रसारित होता है।




# यश की टॉक्सिक का प्रदर्शन टला, अक्षय को होगा फायदा

अक्षय कुमार और अरशद वारसी फिर से धमाल मचाने आ रहे हैं। दोनों को साथ पर्दे पर देखने के लिए फैंस भी काफी एक्साइटेड हैं। इसके साथ ही साउथ स्टार यश की फिल्म पोस्टपोन होने की खबर भी सामने आ रही है। इसका सीधा फायदा अक्षय कुमार को भी मिल सकता है। ऐसे में अक्षय के सामने से एक बड़ा मुकाबला हट सकता है। साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के तय समय पर रिलीज ना होने की वजह से अक्षय कुमार की किस्मत फिर से चमकने के भी कयास लगाए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय और अरशद की ये मोस्ट अवेटेड फिल्म 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली है। इसी डेट पर साउथ सुपरस्टार यश की फिल्म 'टॉक्सिक' भी दर्शकों को एंटरटेन करने आ रही थी। लेकिन अब सामने आई खबरों के मुताबिक ये फिल्म अपने तय समय पर रिलीज नहीं होगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी फीमेल लीड हैं। अब इसी डेट पर 'जॉली एलएलबी 3' रिलीज होगी, हालांकि, इस पर अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से ये बात भी सामने आई है कि पहले ये फिल्म 2025 में रिलीज होने वाली थी। लेकिन अगर फिल्म सच में 10 अप्रैल 2025 को रिलीज होती है, तो फिल्म को इसका बड़ा फायदा हो सकता है, क्योंकि इसके बाद आने वाले तीन दिनों तक महावीर जयंती और अंबेडकर जयंती की छुट्टी होने वाली है, ऐसे में सिनेमाघरों में दर्शकों के आने के ज्यादा चांस बनते हैं और फिल्म की अच्छी कमाई होने की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। 'जॉली एलएलबी 3' से पहले इसके दोनों पार्ट पर भी दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया था। साल 2013 में आई पहली फिल्म पर लोगों ने खूब प्यार लुटाया था। इसके बाद दूसरे पार्ट को भी अच्छी सफलता मिली थी। अब तीसरे पार्ट को लेकर भी दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं।



# सनातन धर्म में अटूट विश्वास रखते हैं रणबीर कपूर



बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। नितेश कुमार की ये फिल्म शुरुआत से सुर्खियों में छाई हुई है। इस फिल्म में अभिनेता को भगवान राम की भूमिका में देखा जाएगा। हाल ही में रणबीर कपूर ने भगवान के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। रणबीर ने एक बातचीत के दौरान अपने पिता के भगवान के साथ रिश्ते के बारे में भी खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि उनके पिता बहुत धार्मिक थे। रणबीर कपूर ने एक बातचीत में कहा, मेरे पिता बहुत धार्मिक थे। मेरी मां मेरे पिता से थोड़ी कम धार्मिक हैं, लेकिन इससे उन्हें खुशी मिलती, इसलिए वह ऐसा करती थीं। हमने उनके बच्चें होने नाते उन्हें देखा, जैसा कि आपने कहा कि बच्चे अपने माता-पिता को देखते हैं और उन्हे फॉलो करने की कोशिश करते हैं। इसलिए मुझमें भगवान के बारे में अच्छी भावना है। नितेश तिवारी की रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने के लिए रणबीर कपूर पूरी तरह तैयार हैं।



# करण जौहर ने बंद की सलमान खान की द बुल और कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म

**2023 में कार्तिक आर्यन ने घोषणा की थी कि वह पहली बार करण जौहर और एकता कपूर के साथ एक महाकाव्य युद्ध फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी क्योंकि इसने दोस्ताना की शूटिंग के बीच सार्वजनिक रूप से हुए मतभेद के बाद कार्तिक और करण के बीच सुलह का संकेत दिया।**

इस फिल्म का निर्देशन संदीप मोदी द्वारा किया जाना था और इस साल अक्टूबर में फ्लोर पर आने की उम्मीद थी। सिने गलियारों में बहती बारिश की ठंडी फुहारों ने बताया है कि करण जौहर ने कार्तिक आर्यन के साथ अपनी अगली फिल्म को रोक दिया है। कहा जा रहा है कि युद्ध की पृष्ठभूमि पर बनी देशभक्ति फिल्मों की भरमार है। करण ने योद्धा के बाद बाजार के रुझान को पहचान लिया है और संदीप मोदी और कार्तिक आर्यन की अगली फिल्म को रोक दिया है। इतना ही नहीं, करण ने अपनी एक और फिल्म को रोक दिया है। द बुल के नाम से बन रही फिल्म में उनके साथ पहली बार सलमान खान नजर आने वाले थे। इस फिल्म का निर्देशन शेरशाह निर्देशित करने वाले विष्णुवर्धन करने जा रहे थे। फिल्म के लिए सलमान खान ने ट्रेनिंग भी पूरी कर ली थी। अब इस फिल्म को भी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि आधिकारिक तौर पर सलमान खान और करण जौहर भविष्य में एक साथ काम करने के वादे को लेकर आगे बढ़ गए हैं। करण अब 2025 और 2026 के लिए धर्मा प्रोडक्शंस के लिए लाइनअप बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# प्रभास की नई फिल्म का है सुभाष चंद्र बोस से कनेक्शन, सैनिक के रोल में आएंगे नजर

कल्कि 2898 एडी की शानदार सफलता के बाद अब अभिनेता प्रभास अपनी नई फिल्मों की तैयारी में जुटने वाले हैं। प्रभास के प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर बनाए हुए हैं। खबर है कि उनकी नई फिल्म की घोषणा 22 अगस्त को होने वाली है, लेकिन उससे पहले ही फिल्म की कहानी पर एक अपडेट सामने आया है। अगले महीने जिस फिल्म का एलान किया जाएगा, उसका निर्देशन हनु राघवपुडी करेंगे, जो इससे पहले दुलकर सलमान और मृणाल ठाकुर के साथ सीता रामम बना चुके हैं। यह फिल्म एक पीरियड रोमांटिक ड्रामा होगी। ऐसे में जाहिर है कि फिल्म में पुराने समय की कहानी देखने को मिलेगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ताजा अपडेट है कि प्रभास की यह फिल्म स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस के समय पर आधारित है, जिसमें दर्शक प्रभास को एक सैनिक के किरदार में देखेंगे। जैसा कि हम जानते हैं कि सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया था। फिल्म में प्रभास इसी आजाद हिंद फौज के एक सदस्य के रूप में दिखाई देंगे। हनु राघवपुडी द्वारा निर्देशित सीता रामम भी पीरियड रोमांटिक ड्रामा थी। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था और अब वो एक और ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहे हैं। देखना होगा कि क्या वो फिर से सीता रामम जैसा जादू बिखेर पाएंगे। 25 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 94.28 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। प्रभास की इस फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स द्वारा किया जाएगा।

